संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 103 गुरुवार 13 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान पर अटैक की धमकी मिली



#### जांच में चौंकाने वाला खुलासा

**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी दौरे से पहले मुंबई पुलिस को एक धमकी भरा कॉल आने की खबर है। खबर के मुताबिक, अमेरिकी यात्रा से दो दिन पहले मुंबई पुलिस को पीएम मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी वाला फोन आया था। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को मिली धमकी में दावा किया गया कि फोन करने वाले ने कहा कि आतंकवादी प्रधानमंत्री के विमान पर हमला कर सकते हैं। पुलिस अधिकारियों ने धमकी का तुरंत संज्ञान लिया और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन



**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त रूप से मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया।

### सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा आठवां वेतनमान का लाभ



**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025(ए)।**देशभर के केंद्रीय कर्मचारियों के लिए एक जरूरी खबर सामने आई है, जो 8वें वेतन आयोग की लागू होने की तारीख से जुड़ी हुई है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2025 में 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी थी। इस नए वेतन आयोग के तहत कर्मचारियों की सैलरी में 2.86 के फिटमेंट फैक्टर के आधार पर बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। वेतन आयोग की घोषणा के बाद से ही लाखों सरकारी कर्मचारी इसके लागू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### कोतवाल साहब...थप्पड़ लगवा दिया...इसके लिए धन्यवाद...

**लखीमपुर,12 फरवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से सदर भाजपा विधायक योगेश वर्मा एक वीडियो फिर सामने आया है, जिसके बाद वे



थप्पड़कांड को लेकर चर्चा में आ गए। विधायक योगेश वर्मा का काफिला ट्रैफिक जाम में फंस गया। इस घटना से विधायक साहब इतने नाराज हो गए कि उन्होंने सदर कोतवाली इंस्पेक्टर को मौके पर बुलाकर कड़ी फटकार लगा दी। इतना ही नहीं, इंस्पेक्टर को देखकर विधायक को पिछले अर्बन कोऑपरेटिव चुनाव के दौरान हुए थप्पड़ कांड की याद आ गई। गुस्से में विधायक ने कहा, कोतवाल साहब, यह सदर विधायक योगेश वर्मा का थप्पड़ कांड नहीं है। अवधेश सिंह से एक थप्पड़ लगवा दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

### तिरुपति प्रसाद-लड्डुओं के लिए चर्बीवाला घी,हिन्दू-जैन सप्लायर बंदी



**तिरुपति,12 फरवरी 2025(ए)।** तिरुपति के लड्डुओं के लिए मिलावटी घी सप्लाई करने वाली तीन डेयरी कंपनियों के मालिकों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। कुछ महीने पहले जब गुजरात की एक डेयरी प्रयोगशाला से यह रिपोर्ट आई थी कि तिरुपति के लड्डुओं में गाय और सुअर की चर्बी मिला हुआ घी इस्तेमाल हो रहा है, तब बड़ा हंगामा हुआ था।

# ब्रह्मोस मिसाइल को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति मिली

- भारत से ब्रह्मोस मिसाइल की डील के लिए लगी देशों की कतार
- इसी साल होने जा रही एक मेगा डील
- ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में कई देशों की रुचि, बातचीत जारी...
- फिलीपींस है ब्रह्मोस का पहला अंतरराष्ट्रीय ग्राहक, पिछले साल से डिलिवरी भी शुरू...
- भारत और रूस ने मिलकर बनाई ब्रह्मोस, ध्वनि से तीन गुना तेज है रफ्तार
- ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए एक देश के साथ बातचीत अंतिम चरण में



**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025(ए)।** भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का जादू तमाम देशों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यूएई, सऊदी अरब, वियतनाम, मिस्र और इंडोनेशिया जैसे देश इसे खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। फिलीपींस तो पहले ही ब्रह्मोस खरीद का करार कर चुका है और पिछले साल ही उसे इन मिसाइलों की डिलिवरी भी शुरू हो चुकी है। ध्वनि से 3 गुना तेज रफ्तार वाली दुनिया की इकलौती सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस को खरीदने के लिए इंडोनेशिया की बातचीत तो अभी शुरुआती दौर में है लेकिन एक अन्य देश के साथ बातचीत अंतिम दौर में है। द प्रिंट की रिपोर्ट में डिफेंस सेक्टर से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि संवेदनशील सौदा होने की वजह से अभी उस देश का नाम गुप्त रखा गया है जिसके साथ बातचीत अंतिम दौर में पहुंच चुकी है।

### ब्रह्मोस खरीदने के लिए कई देश देश कर रहे हैं बातचीत

यूएई, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्र और वियतनाम भी ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। मिडल ईस्ट के देश मिसाइल के लैंड वर्जन में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। द प्रिंट ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि इंडोनेशिया के साथ एकदम शुरुआती चरण में है। गणतंत्र दिवस पर जब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के तौर पर आए थे तब माना जा रहा था कि ब्रह्मोस मिसाइल डील को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत रफ्तार पकड़ेगी।

## खासियत जो ब्रह्मोस मिसाइल को बनाती हैं खतरनाक

ब्रह्मोस मिसाइल को भारत ने रूस के साथ मिलकर बनाया है। ये ध्वनि की गति से तीन गुना तेज रफ्तार से दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने में सक्षम है। ये मिसाइल नेवी, आर्मी और एयर फोर्स तीनों के लिए काफी कारगर है। भारत के पास ब्रह्मोस मिसाइल की सतह, समुद्र और हवा वाले तीनों ही वर्जन हैं। यह जहाजों पर भी हमला कर सकती है। इसका निर्माण भारत के डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मिशीनोस्ट्रोयेनिया के जॉइंट वेंचर के तहत होता है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा नदियों के नामों को मिलाकर रखा गया है। ये मिसाइल दुश्मन के रेडारों को चकमा देने में सक्षम है।

ब्रह्मोस बिक्री की ये डील काफी बड़ी और अहम होगी जो रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भारत को एक अहम खिलाड़ी के तौर पर स्थापित रखने की कुव्वत रखती है। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइल के जिस वर्जन के लिए डील बातचीत के अंतिम चरण में है, वो लैंड वर्जन है।

ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज की बात करें तो इसका एयर वर्जन 400 से 500 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है। लैंड और सी वर्जन की मिसाइलों की रेंज 800 से 900 किलोमीटर है। भारत अब इसकी रेंज बढ़ाकर 1500 किलोमीटर करने की दिशा में काम कर रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल सतह से न्यूनतम 10 मीटर और अधिकतम 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ान भरते हुए हमले कर सकती है।

### पिछले साल फिलीपींस को शुरू हुई थी ब्रह्मोस की डिलिवरी

भारत ने पिछले साल फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइलों की डिलीवरी शुरू की थी। फिलीपींस इस मिसाइल का पहला अंतरराष्ट्रीय ग्राहक है। यह सौदा एंटी-शिप क्रूज मिसाइल के तटीय संस्करण के लिए था, जिसकी रेंज 290 किमी है।

# आम आदमी को जल्द जीएसटी पर मिलेगी राहत

- हेल्थ इंश्योरेंस और रोजमर्रा की चीजों पर टैक्स घटाने की तैयारी



**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025(ए)।** आम जनता के लिए राहत भरी खबर है। जीएसटी काउंसिल जल्द ही कुछ आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर टैक्स दरों में कटौती कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि सरकार जीएसटी दरों को सरल और सुव्यवस्थित करने की दिशा में काम कर रही है। इससे रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों और हेल्थ इंश्योरेंस जैसी सेवाओं पर टैक्स कम होने की उम्मीद बढ़ गई है।

### अप्रत्यक्ष करों में आई गिरावट

तृणमूल कांग्रेस के सांसद नदीमुल हक के सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद औसत अप्रत्यक्ष कर दर 15.8 प्रतिशत से घटकर 11.3 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीएसटी के तहत किसी भी वस्तु पर कर बढ़ाने का कोई उदाहरण नहीं है। बल्कि, अब कुछ कर दरों को एक साथ मिलाने पर विचार किया जा रहा है, जिससे हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी घटने की संभावना भी बढ़ गई है।

### जीएसटी परिषद लेगी अंतिम फैसला

वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार अकेले जीएसटी दरों को तय नहीं करती, बल्कि यह निर्णय जीएसटी काउंसिल द्वारा लिया जाता है, जिसमें सभी राज्य शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में परिषद कर ढांचे को सरल बनाने पर काम कर रही है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है।

### वैश्विक घटनाओं का अर्थव्यवस्था पर असर

वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितताओं के कारण भारत के बजट निर्माण की प्रक्रिया जटिल हो गई है। मध्य पूर्व में जारी संघर्ष, रूस-यूक्रेन युद्ध और वैश्विक महंगाई जैसे कारकों का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ा है।

### बजट 2025-26: गरीब, युवा, किसानों और महिलाओं पर फोकस

वित्त मंत्री ने लोकसभा में बजट 2025-26 पर चर्चा के दौरान कहा कि सरकार का ध्यान गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं पर केंद्रित है। सरकार कृषि, एमएसएमई, निर्यात और ग्रामीण विकास को आर्थिक वृद्धि का इंजन बनाने के लिए नई योजनाएं और सुधार लागू कर रही है। साथ ही, महंगाई को नियंत्रित करने और निवेश को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं।आने वाले दिनों में जीएसटी परिषद की बैठक में संभावित टैक्स कटौती को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है, जिससे आम जनता को राहत मिलने की उम्मीद है।



## पान मसाला और इत्र कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

### 35 ठिकानों पर दबिश

**कानपुर,12 फरवरी 2025(ए)।** आयकर विभाग की टीमों ने आज बुधवार की सुबह कानपुर और कन्नौज में कई ठिकानों पर एक साथ बड़ी कार्रवाई की। आयकर विभाग की टीम ने यहां 35 जगहों पर छापा मारा। यह छापेमारी खासतौर पर पान मसाला, इत्र और कोल्ड स्टोरेज कारोबार से जुड़े व्यापारियों के परिसरों पर की गई. जानकारी के अनुसार, कानपुर में मशहूर एस.एण्ड के. पान मसाला ग्रूप के मालिक नवीन कुरेले के घर और व्यावसायिक ठिकानों पर रेड मारी गई, जबकि गणपति ट्रांसपोर्ट कंपनी के ठिकानों पर भी जांच की गई। इसी तरह, कन्नौज में बड़े इत्र कारोबारियों और कोल्ड स्टोरेज मालिकों के परिसरों पर भी आयकर विभाग ने छापा डाला।

सूत्रों के मुताबिक, इस कार्रवाई को टैक्स चोरी की जानकारी मिलने के बाद अंजाम दिया गया। आयकर विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि ये कारोबारी अवैध रूप से माल की आपूर्ति कर रहे हैं और अंदरूनी बिलिंग के जरिए टैक्स चोरी की जा रही है। इस जानकारी के आधार पर आयकर विभाग ने एक साथ इन सभी ठिकानों पर छापा मारा। बताया जा रहा है कि पं. चंद्रावली एंड सन्स फर्म पर भी जांच की गई है, जहां टैक्स चोरी से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिल सकते हैं।

छापेमारी के दौरान आयकर विभाग की टीमों ने घरों, फैक्ट्रियों, गोदामों और कोल्ड स्टोरेज परिसरों में दस्तावेजों की जांच की। कानपुर और कन्नौज में जिन व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापा पड़ा, उनके बाहर आयकर विभाग की गाड़ियां तैनात नजर आईं, जिससे व्यापारी जगत में हलचल मच गई। अधिकारियों ने इस पूरी कार्रवाई को एक संयुक्त ऑपरेशन बताया है।

छापेमारी से कानपुर और कन्नौज के व्यापारियों में हड़कंप मच गया. कई व्यापारियों और उद्योगपतियों के परिसरों में तलाशी ली जा रही है, जिसमें बड़ी मात्रा में काले धन, संपत्तियों के दस्तावेज और डिजिटल लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड मिल सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि टैक्स चोरी की असली रकम कितनी बड़ी है और किन-किन व्यापारियों पर कार्रवाई हो सकती है।

## टीचर छात्राओं से दबवा रही थी पैर



- क्लास के कैमरे में कैद हो गई हरकत, पैरेंट्स से भी की अभद्रता

**सिवनी,12 फरवरी 2025(ए)।** सरकार भले ही लाख दावा करे कि हमारी शिक्षा व्यवस्था अच्छी है, लेकिन बीच-बीच में इसकी हकीकत सामने आ ही जाती है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें टीचर बच्चों को पढ़ाने के बजाय अपना पैर दबवा रही है। मामला मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के शासकीय अनूसूचित जनजाति कन्या इंग्लिश मीडियम स्कूल का है। इस पूरे मामले के कुल तीन अलग-अलग वीडियो हैं। दो वीडियो में महिला टीचर बच्चों से अपने पैर दबवाती नजर आ रही है। पहले वीडियो में नजर आता है कि महिला टीचर एक बेंच पर बैठी हुई हैं और कुछ नन्ही छात्राएं नीचे बैठकर उस महिला टीचर के पैर दबा रही हैं।



## आचार्य सत्येंद्र दास जी का निधन संत समाज और श्रद्धालुओं के लिए अपूरणीय क्षतिः शाह

**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025(ए)।**अयोध्या स्थित राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का बुधवार को लखनऊ एसजीपीजीआई में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे और एसजीपीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई अन्य नेताओं ने दुख व्यक्त किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास जी का निधन संत समाज और श्रद्धालुओं के लिए अपूरणीय क्षति है।

## बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए लाइन में खड़े तीन श्रद्धालुओं की मौत



### मौके पर मचा हड़कंप...

**वाराणसी,12 फरवरी 2025(ए)।** काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार पर भीड़ में तीन श्रद्धालु बेहोश होकर गिर पड़े। इसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया। उन्हें तुरंत मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा, कैंट रेलवे स्टेशन पर भी एक व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई।

परिजन लाशें लेकर अपने-अपने घर चले गए। जानकारी के अनुसार, ये श्रद्धालु महाकुंभ से काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने आए थे। पोस्टमार्टम करवाने से परिजनों ने इनकार कर दिया, जिससे मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।



## माघ पूर्णिमा पर 1.59 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज,12 फरवरी 2025(ए)।** महाकुंभ 2025 के पावन स्नान पर्वों में से एक, माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की अपार आस्था देखने को मिली। आज बुधवार सुबह 10 बजे तक 1.59 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में डुबकी लगाई। तड़के से ही गंगा तट पर जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे पुण्य लाभ के लिए डुबकी लगा रहे है ।

## हे भगवान...अब अपनी ही प्रेमिका को कहना पड़ेगा मां...



**अररिया,12 फरवरी 2025(ए)।** सोशल मीडिया पर इस समय एक तस्वीर इन दिनों तेजी से वायरल हो रही है, जो बिहार के अररिया जिले का बताया जा रहा है. वायरल तस्वीर में एक अधेड़ युवक युवती संग शादी के जोड़े में नजर आ रहे हैं. यह दावा किया जा रहा है कि, अधेड़ युवक जिसका नाम राजा राम प्रसाद है और उसने अपने बेटे की प्रेमिका से ही शादी कर लिया है।

### कई सालों से चल रहा था नेहा सुमंत का प्यार

वायरल पोस्ट के अनुसार अररिया रहने वाली नेहा का सुमंत के साथ विगत कई वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था. दोनों शादी करना चाहते थे, इस बाबत सुमंत ने नेहा को अपने पापा राजा राम प्रसाद से मिलाया, कि आप हमारी जोड़ी को एनओसी दो तो हम-दोनों परिणय सूत्र में बंध जाय।

### प्रेमी की मां बन गई प्रेमिका

पिता राजा राम प्रसाद की सरकारी नौकरी है और इनकी पत्नी के देहांत हुए पांच वर्ष हो गए थे। जब सुमंत अपनी शादी के लिए नेहा को अपने पापा से मिलवाया तो पहली ही नज़र में पापा को नेहा से और नेहा को पापा से प्यार हो गया। नेहा ने भी डिसाइड किया कि बेरोजगार बेटे से अच्छा तो सरकारी नौकरी वाले इसके पापा है, और फिर जो नेहा सुमंत की जीवन संगिनी बन रही थी वो अब उनकी माँ बन गई है।

## संपादकीय

# दुर्व्यवहार की शिकार होती लड़कियां

किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाने की महिला की सहमति उसके निजी पलों को वीडियो में कैद करने और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की सहमति के रूप में नहीं माना जा सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देने से इंकार कर दिया। आरोपी के कृत्य को अदालत ने स्पष्ट तौर पर ब्लैकमेलिंग बताया। शिकायतकर्ता ने परिचित पुरुष से कर्ज लिया जिसे नौकरी प्राप्त होने के बाद चुकाने का वादा था। इस दरम्यान दोनों में नजदीकियां बढ़ती गई और वे वाह्ट्सएप पर बातें करने लगे। वीडियो कॉल के दौरान वह जो कहता, महिला वही करती। प्रेमालाप के दौरान दोषी ने उसे बरगला कर कपड़े उतवाए और नग्न वीडियो बना लिया।बाद में वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अनबन होने पर दोषी ने यह वीडियो उसके पैतृक गांव के कुछ लोगों व सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उसे बदनाम करना शुरू कर दिया। उसका कहना है कि कर्ज की राशि प्राप्त न होने के कारण उसने यह कदम उठाया। चूंकि मामले में महिला मासूम नहीं है। वह विवाहित और परिपक्व है।भावावेशवश, लाभ के लोभ में, मजबूरन या ब्लैकमेलिंग के चलते जो कुछ करने को वह राजी हुई, उस पर अपने धन की वसूली के नाम पर दोषी ने जो तरीका इख्तियार किया वह किसी स्त्री की गरिमा, निजता और अधिकारों पर अतिक्रमण है। हालांकि महिलाओं को सहमति से संबंध बनाने के बावजूद इतना सतर्क और दूरदर्शितापूर्ण निर्णय लेने से नहीं चूकना चाहिए जो विपरीत स्थितियों में उनके खिलाफ हथियार के तौर पर प्रयोग किया जा सके।पूर्व प्रेमियों के ऐसे दुर्व्यवहार की शिकार लड़कियां अमूमन ब्लैकमेलिंग की शिकायतें करने से भी घबराती हैं। पुरुषों द्वारा अंतरंग संबंधों या नग्न तस्वीरों को हथियार की तरह प्रयोग के प्रति महिलाओं को जागरूक रहना होगा। अपनी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था में महिलाओं को झूठी शान व इज्जत के नाम पर तरह-तरह से शोषित किया जाता है। अमूमन पीड़िताएं इस विषम स्थिति से घबरा कर अपना जीवन ही समाप्त कर लेती हैं।अदालत की सख्त टिप्पणी और कड़ी सजा के जरिए दोषियों को भी सीख दी जानी जरूरी है ताकि वे सहमति से बने संबंधों की गोपनीयता को हथियार बना कर अपने ही हाथ जलाने का जोखिम लेने से घबराएं।

## विश्व रेडियो दिवस पर विशेष

# रेडियो की मधुरिम यात्रा के स्मरण का दिन



प्रमोद दीक्षित मलय
बांदा, उत्तरप्रदेश

सुनहरी और खट्टी-मिट्ठी स्मृतियों को सहेजे रेडियो अपनी जीवन-यात्रा का शतक पूरा कर आगे बढ़ रहा है। पूरी दुनिया में रेडियो ने श्रोता वर्ग से जो सम्मान और प्यार हासिल किया वह अन्य किसी माध्यम को न मिला और न कभी मिल सकेगा। विविध इंद्रधनुषी कार्यक्रमों के द्वारा रेडियो ने न केवल मनोरंजन, जागरूकता और शिक्षा संस्कार के वितान को समुज्ज्वल किया बल्कि राष्ट्रीय एकता-अखण्डता के ध्वज को भी थामे रखा। सुदूर दक्षिण के तमिल, तेलुगू, कन्नड, मलयालम भाषी जन हों या उत्तर का कश्मीरी-डोंगरी, हिमाचली समुदाय। हरियाणवी, राजस्थानी भाषा के चित्ताकर्षक रंग हो या ब्रज, बुंदेली, बघेली और अवधी बोलियों की मधुमय मृदुल रसधार। पूर्वोत्तर की मिजो,नागा, त्रिपुरा, असम की क्षेत्रीय भाषायी समुद्धि हो या मराठी, गुजराती, पंजाबी की मधुर वाणी। सभी को रेडियो ने स्वर दिए और विस्तार एवं संरक्षण का रेशमी फलक भी। हिन्दी के राष्ट्रीय प्रसारणों को सम्पूर्ण देश ने सुना और गुना तथा सर्जना के सुवासित सुमन पोषित कर पल्लवित-विकसित किए। रेडियो ने जन-जन का बाहें फैलाकर स्वागत किया। भारत में तो रेडियो परिवार के सदस्य की तरह रहा और है। आज की पीढ़ी के पास भले ही इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के रूप में मनोरंजन, ज्ञान-विज्ञान और शिक्षा के तमाम संसाधन एवं विकल्प मौजूद हों पर वह संतुष्ट नहीं है। लेकिन पूर्व पीढ़ी के पास केवल रेडियो था और आत्मीय संतुष्टि भी। रेडियो ने भी कभी निराश नहीं किया।

खेत की मेड़ पर विराजे रेडियो अपने कृषि कार्यक्रमों से खेत जोतते और फसल काटते किसान को निरन्तर खेती के नवीन तौर-तरीके सिखाते रहे। पनघट पर गगरियों में जल भरतीं युवतियां और कुएं की जगत् पर मधुर गीत बिखेरता रेडियो अपना प्रिय ही जान पड़ता। विरह की अग्नि में जलती कामिनी को रेडियो के गीत मिलन की आस बंधाते। नीम तले चबूतरे पर बैठी पंचायतों के बीच भी वह रस बरसाता रहा। विद्यार्थियों का तो संगी ऐसा कि मेज पर रेडियो बजता रहता और उधर कागज पर कलम चलती रहती। बूढ़े-बुजुर्ग के समाचार सुनते समय किसी की क्या हिम्मत की स्टेशन बदल दें। रेडियो एकाकीपन का साथी था तो सूचना एवं ज्ञान का



खजाना भी। कला, साहित्य, संगीत एवं संस्कृति का प्रसारक था तो कृषि, विज्ञान, खगोल एवं भूगोल के क्षेत्र में नित नवीन खोज, अनुसंधान एवं शोधों का संचारक भी। रेडियो पर संकट के बादल छाये पर उसने अपनी प्रकृति और जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ा। श्रोता कभी बहका पर कहीं टिक न सका, संतुष्टि न पा सका और लौट कर रेडियो की शरण ली; ज्यों जहाज को पंछी उड़ि जहाज पर आयो।

20 अक्टूबर, 2010 को स्पेनिश रेडियो अकादमी के अनुरोध पर स्पेन ने संयुक्त राष्ट्रसंघ में रेडियो को समर्पित विश्व दिवस मनाने हेतु सदस्य देशों का ध्यानाकर्षण किया, जिसे स्वीकार कर संयुक्त राष्ट्रसंघ के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने पेरिस में आयोजित 36वीं आमसभा में 3 नवम्बर, 2011 को घोषित किया कि प्रत्येक वर्ष 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी को ही संयुक्त राष्ट्रसंघ की 'रेडियो यूएनओ' की वर्षगांठ भी होती है क्योंकि 1946 को इसी दिन वहां रेडियो स्टेशन स्थापित हुआ था। और तब पहली बार 13 फरवरी, 2012 को यह विश्व रेडियो दिवस उमंग-उत्साह पूर्वक पूरी दुनिया में मनाते हुए रेडियो के सफरनामे को याद किया गया। अब प्रत्येक वर्ष एक थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। वर्तमान वर्ष 2025 की थीम है-रेडियो और जलवायु परिवर्तन। विश्व के सभी देशों के रेडियो प्रसारकों और श्रोताओं को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल अपने उद्देश्यों में सफल रही है।

भारत में रेडियो प्रसारण के शुरुआती निजी प्रयास बहुत सफल नहीं रहे। अंततः 1936 में 'इम्पीरियल रेडियो आफ इंडिया' की शुरुआत हुई जो आजादी के बाद 'आल इंडिया रेडियो' के नाम से विख्यात हुआ। 1957 को आल इंडिया रेडियो का नाम बदलकर 'आकाशवाणी' कर दिया गया। 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के अपने ध्येयवाक्य के साथ आकाशवाणी सेवा 23 भाषाओं में शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक, खेलकूद, युवा, बाल एवं महिला तथा कृषि एवं पर्यावरण सम्बंधी प्रस्तुतियों से सम्पूर्ण देश को एकता के सूत्र में पिरोते हुए सुवासित परिवेश निर्मित कर रही है। 2 अक्टूबर, 1957 को स्थापित 'विविध भारती' ने 1967 से व्यावसायिक रेडियो प्रसारण शुरू कर नये युग में प्रवेश किया। आजादी के समय भारत में केवल 6 रेडियो स्टेशन थे जिनके कार्यक्रमों की पहुंच केवल 11 प्रतिशत आबादी तक ही थी। पर आज भारत में 250 से अधिक रेडियो स्टेशन 99 प्रतिशत आबादी से आत्मीय रिश्ता जोड़े हुए हैं। सत्तर के दशक में टेलीविजन के आने से लगा कि रेडियो की असमय मौत हो जायेगी पर सभी आशंकाएं निर्मूल सिद्ध हुई और रेडियो कहीं अधिक प्रखर एवं प्रभावी होकर प्रकट हुआ। रेडियो का श्रोता वर्ग बजाय छिटकने के और अधिक जुड़ा। इसी बीच 23 जुलाई, 1977 को चेन्नै में एफएम चैनल ने आते ही ध्वनि की उच्च गुणवत्ता एवं कार्यक्रमों की विविधता के बल पर धूम मचा दी और देश भर में छा गया। 1993 में निजी एफएम चैनल आने से श्रोताओं की पौ बारह हो गई। और अब तो जमाना है डिजिटल रेडियो का। मोबाइल पर सवार होकर रेडियो श्रोताओं की जेब में समा गया। बड़े आकार और नाब घुमाने वाले रेडियो तो अतीत के चित्र हो गये। रेडियो ने अपनी यात्रा के प्रारम्भ से ही समाज में शिक्षा के प्रचार प्रसार, जन-जागरूकता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सार्वजनिक बहस को अपने सोच के केंद्र में रखा था। रेडियो और आदमी का यह प्रेम पगा रिश्ता नित नवल आयाम स्थापित करते हुए सरस यात्रा पर सतत गतिमान रहेगा, ऐसा ही विश्वास है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# भीख मांगने की प्रथा:मदद की गुहार या एक सुनियोजित धंधा?

भारत में भीख मांगना धार्मिक दान से जटिल सामाजिक-आर्थिक समस्या बन गई है। व्यस्त सड़क



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

पर, हाथ बढ़ाना मदद के लिए पुकार जैसा लग सकता है, लेकिन इसमें अक्सर व्यवस्थित उपेक्षा, संगठित अपराध और शोषण का जाल छिपा होता है। सहानुभूति जीतने के लिए नशीले पदार्थ दिए जाने वाले शिशुओं से लेकर स्कूल से उठाकर सड़कों पर फेंक दिए जाने वाले बच्चों तक, भीख मांगना सिर्फ़ मदद के लिए पुकार से कहीं ज़्यादा है यह हमारी सामूहिक कमज़ोरियों की आलोचना है। बाल भिखारी अभी भी इस समस्या का सबसे परेशान करने वाला हिस्सा है। इस चक्र को तोड़ने के लिए, यह ज़रूरी है कि इन बच्चों को संरक्षित और शिक्षित किया जाए। कमज़ोर,ख़ास तौर पर बच्चे और विकलांग लोगों का संगठित भीख मांगने वाले गिरोहों द्वारा फ़ायदा उठाया जाता है। भिक्षा देने से जुड़ी प्रथाएँ अक्सर भीख माँगने को बढ़ावा देती हैं। अधिक उद्देश्यपूर्ण दान को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक शिक्षा पहल शुरू करना ज़रूरी है।

भारत में सार्वजनिक रूप से भीख मांगने की प्रथा मनरेगा और स्माइल जैसे व्यापक कल्याणकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के बाद भी आम है। आंकड़ों के अनुसार, 413 लाख से अधिक लोग अभी भी इस प्रथा में लिप्त हैं, जो दीर्घकालिक गरीबी,कम साक्षरता और सरकारी हस्तक्षेप के बावजूद काम के अवसरों की कमी जैसी अंतर्निहित सामाजिक आर्थिक कमजोरियों को रेखांकित करता है। बड़े बच्चों को भीख मांगना सिखाया जाता है, जबकि शिशुओं को बीमार दिखने के लिए नशीला पदार्थ दिया जाता है। कुछ ने कभी कक्षा में क़दम नहीं रखा है और कई ने जल्दी पैसे कमाने के लिए अपने भविष्य को दांव पर लगाकर स्कूल छोड़ दिया है। हाल के आँकड़े बताते हैं कि भारत में स्कूल छोड़ने वाले बच्चे कितने आम हैं, खासकर किशोरों में। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, 18 वर्ष की आयु के 25 प्रतिशत बच्चे बुनियादी पढ़ने के कौशल से जूझते हैं और 32.6 प्रतिशत स्कूल छोड़ देते हैं। विकलांग लोगों का फायदा उठाया जाता है क्योंकि वे भिखारी के तौर पर अधिक पसंद किए जाते हैं। जब मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति का इलाज़ नहीं किया जाता है, तो लोग शोषण और निर्भरता के चक्र में फंस जाते हैं।

भारत में 400, 000 से ज़्यादा नियमित भिखारी रहते हैं; उनकी दुर्दशा कई तरह के कारकों से उपजी है, जिसमें संगठित भीख मांगने वाले गिरोह, गरीबी, विकलांगता और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विस्थापन शामिल हैं समाज के सबसे कमज़ोर सदस्यों को शिकार बनाकर और लगभग दंड से मुक्त होकर काम करके, इन सिंडिकेट ने ग़रीबी को एक लाभदायक उद्यम में बदल दिया है। 81, 000 से ज़्यादा भीख मांगने वाले लोगों के साथ, पश्चिम बंगाल भारत में सबसे ज़्यादा भीख मांगने वाला राज्य है, उसके बाद आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश हैं। गरीबी, ग्रामीण-शहरी प्रवास और आसानी से सुलभ सहायता नेटवर्क की कमी इन क्षेत्रों में भिखारियों की बढ़ती संख्या में योगदान देने वाले कुछ सामाजिक-आर्थिक कारक हैं। भारत में, कई कल्याणकारी कार्यक्रमों के अस्तित्व के बावजूद भीख मांगने की प्रथा जड़ जमाए बैठी सामाजिक-आर्थिक कमज़ोरियों के कारण बनी हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कल्याणकारी कार्यक्रम अक्सर खराब क्रियान्वयन, भ्रष्टाचार और प्राप्तकर्ताओं के बीच जागरूकता की कमी के कारण विफल हो जाते हैं। स्माइल जैसी योजनाएँ, जो आश्रय और आजीविका सहायता प्रदान करती हैं, कई भिखारियों को अच्छी तरह से ज्ञात नहीं हैं।

विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी झुग्गियों में, जो लोग घोर ग़रीबी में जी रहे हैं, उनके पास जीवित रहने के लिए भीख माँगने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मनरेगा जैसे ग़रीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के साथ भी, 413, 000 से अधिक लोग भीख माँग रहे थे। भीख माँगने वाले व्यक्तियों में अक्सर औपचारिक शिक्षा और रोजगार योग्य कौशल की कमी होती है, जो औपचारिक रोजगार के अवसरों तक उनकी पहुँच को सीमित करता है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत पेश किए गए व्यावसायिक प्रशिक्षण से भिखारियों और अन्य हाशिए के समूहों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुँचा जा सका है। ट्रांसजेंडर लोग और विकलांग लोग कमज़ोर समूहों के दो उदाहरण हैं जिन्हें समाज द्वारा उपेक्षित किया जाता है और मुख्यधारा के आर्थिक अवसरों से बाहर रखा जाता है। कई लोग ट्रैफ़िक सिग्नल पर भीख माँगने के लिए मजबूर होते हैं क्योंकि उन्हें ट्रांसजेंडर कल्याण कार्यक्रमों के बावजूद भी स्वीकार नहीं किया जाता है। कमज़ोर लोगों को आपराधिक नेटवर्क द्वारा अपहरण कर लिया जाता है, जो फिर उन्हें भीख माँगने के लिए



मजबूर करते हैं, जिससे इस चक्र को तोड़ना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली में पुलिस ने 2023 में पचास बच्चों को बचाया, जिन्हें तस्करी के गिरोह द्वारा भीख मांगने के लिए मजबूर किया गया था।

भारत में भीख मांगने की प्रवृत्ति के बने रहने का एक मुख्य कारण यह है कि यहाँ कोई केंद्रीकृत डेटाबेस नहीं है जो भीख मांगने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास में मदद करने के लिए केंद्रित हस्तक्षेप की अनुमति दे सके। राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए नगरपालिका रिकॉर्ड का उपयोग करने का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का सुझाव भिखारियों के बारे में भरोसेमंद जानकारी की कमी की ओर ध्यान आकर्षित करता है। पीढ़ी दर पीढ़ी ग़रीबी और भीख मांगने पर निर्भरता तब बनी रहती है जब भीख मांगने वाले बच्चों को औपचारिक शिक्षा तक पहुँच से वंचित कर दिया जाता है। आउटरीच पहलों की कमी के कारण, कई बच्चे अभी भी शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नामांकित नहीं हैं। मादक द्रव्यों के सेवन और अनुपचारित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण लोग भीख मांगते हैं और ग़रीबी में रहते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सलाह स्माइल कार्यक्रम के तहत आश्रय गृहों में नशामुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं की कमी को उजागर करती है। बेरोजगारी के कारण ग्रामीण-से-शहरी प्रवास के कारण शहरी भीड़भाड़ के कारण, प्रवासियों को भीख मांगने के लिए मजबूर होना पड़ता है। भीख मांगने के खिलाफ कानून संगठित अपराध से निपटने और पुनर्वास प्रदान करने के लिए या तो कठोर हैं या अपर्याप्त हैं। उदाहरण के लिए, बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ बेगिंग एक्ट, जबरन भीख मांगने वाले नेटवर्क को जन्म देने वाले अंतर्निहित मुद्दों को सम्बोधित करने के बजाय भिखारियों को अपराधी बनाता है।

भारत में भीख मांगने से निपटने के लिए नीतियाँ, लक्षित कल्याण हस्तक्षेपों को सुविधाजनक बनाने और उनके पुनर्वास को ट्रैक करने के लिए, भीख मांगने वाले लोगों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस स्थापित किया जाना चाहिए और इसे अक्सर अपडेट किया जाना चाहिए। भिखारियों की पहचान करने के लिए, नगर निगम गैर-सरकारी संगठनों के साथ काम कर सकते हैं, जैसा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की मानकीकृत सर्वेक्षण प्रारूपों का उपयोग करने की सिफ़ारिश में सुझाया गया है। संगठित भीख मांगने को रोकने, अपराधियों को दंडित करने और पीड़ितों को अपने पैरों पर वापस खड़े होने में मदद करने के लिए विशेष कानून लागू करें। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा अनुशंसित जबरन भीख मांगने को अवैध बनाने के लिए कानून अपनाने से तस्करी और शोषण करने वाले संगठनों पर रोक लगेगी। लोगों को सम्मानजनक नौकरी खोजने या स्वरोजगार के अवसरों का पीछा करने में सक्षम बनाने के लिए, आश्रय गृहों को कौशल-आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसे कार्यक्रम आश्रय गृहों के साथ मिलकर भिखारियों को बढ़ईगीरी, सिलाई या अन्य व्यवसायों में कौशल सिखा सकते हैं जो उनकी योग्यता के अनुकूल हों। आश्रय गृहों में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ प्रदान करें, ताकि अनुपचारित बीमारियों, व्यसन और विकलांगताओं का समाधान किया जा सके।

एनएचआरसी आश्रय गृहों को आयुष्मान भारत लाभों को एकीकृत करने की सलाह देता है, ताकि पुनर्वास से गुज़र चुके लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज की गारंटी दी जा सके। बच्चों के लिए शिक्षा तक पहुँच- शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत, भीख माँगने वाले बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाएँ और सुनिश्चित करें कि उन्हें खाना, कपड़े और सहायता मिले। भिखारी बच्चों के माता-पिता को लक्षित करके विशेष जागरूकता अभियान चलाकर, विशेष रूप से शहरी मलिन बस्तियों में, स्कूलों में नामांकन बढ़ाया जा सकता है। भिक्षा के बजाय पुनर्वास कार्यक्रमों में दान को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रम आयोजित करें। हैदराबाद जैसे शहरों में लोगों को भिखारियों के बजाय सरकारी आश्रयों में दान देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सफल अभियान चलाए गए हैं। भीख माँगना भारत में व्यवस्थित उपेक्षा और संगठित शोषण का एक लक्षण है, न कि केवल ग़रीबी का प्रतिबिंब। हालाँकि बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ़ बेगिंग एक्ट,1959 जैसे कानून ने इस प्रथा को रोकने का प्रयास किया है, लेकिन यह अक्सर अपराधियों के बजाय पीड़ितों को अपराधी बनाता है। जवाबदेही और पुनर्वास पर ज़ोर देते हुए, इंदौर में भिक्षावृत्ति पर प्रतिबंध जैसे साहसिक क़दम उम्मीद जगाते हैं।

भारत के भिक्षावृत्ति विरोधी अभियान का लक्ष्य दंड के बजाय सशक्तिकरण होना चाहिए। नागरिकों के रूप में भीख मांगने के प्रति हमारी प्रतिक्रियाओं को धर्मार्थ कार्यों के बजाय प्रणालीगत परिवर्तन की दिशा में क़दम के रूप में पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। भीख मांगने को समाप्त करने के लिए, हमें लोगों के जीवन को सशक्त बनाना होगा। ग़रीबी के चक्र को समाप्त करने के लिए, सामाजिक सुरक्षा जाल को मज़बूत किया जाना चाहिए, समावेशी शिक्षा की गारंटी दी जानी चाहिए और कौशल विकास को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। एक आत्मनिर्भर भारत जहाँ प्रत्येक व्यक्ति देश की उन्नति में सार्थक और सम्मानजनक योगदान देता है, भिक्षावृत्ति विरोधी कानूनों और समुदाय-संचालित पुनर्वास के सख्त प्रवर्तन के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा।

## कविता
### आगे बढ़ते रहना तुम

घटती-घटना



श्याम सुंदर साहू
राजिम,गरियाबंद
छत्तीसगढ़

ठहरा पानी सड़ने लगता,
नदी सी बहते रहना तुम।
रखकर लक्ष्य को सीने में,
आगे बढ़ते रहना तुम।।
छोटे-छोटे सपनों को,
संजोकर चलना तुम।
रखकर खुद पर भरोसा,
आगे बढ़ते रहना तुम।।
आने वाले चुनौतियों का,
सामना करते रहना तुम।
मंजिल तुझे जरूर मिलेगा,
आगे बढ़ते रहना तुम।।
जीवन में मुश्किले आए तो,
हौसला बनाए रखना तुम।
तेरे सारे ख्वाब पूरे होंगे,
आगे बढ़ते रहना तुम।।
मन के अंधेरे में उम्मीद का,
चिराग जलाए रखना तुम।
बस थोड़ा सब्र रखकर,
आगे बढ़ते रहना तुम।।

## कविता
### नारी जग में तू है महान

घटती-घटना



उदय किशोर शाह
जयपुर बांका
बिहार

नारी संसार में तुँ है महान
मत कर विधर्मी इनको बदनाम
तुँ जननी भगिनी तुँ है संगनी
तेरी सेवा समर्पण सदैव वंदनीय
तेरी चरणों में है पावन गंगाधाम
तुममें सब तीरथ तुँ चारोधाम
तेरी आँचल तले पला बढ़ा मैं
तेरी ही कारण ये तन पाया मैं
तुँ लज्जा माया करूणा की मूरत
तुममें दिखता ममता की सूरत
जननी बन तुने संसार है बनाया
नर का जीवन सुखमय। सजाया
खुद दुःख झेलकर हमें है पढ़ाया
मानवता का है तुँ पाठ सिखाया
तुँ दुर्गा है माता तुँ ही है काली
तुँ जग जननी सबकी करती रखवाली
खुद भूखा रह कर हमें है पेट भर खिलाया
गम की घड़ी में
संग संग हिम्मत बढ़ाया
हे माता तेरे चरणों में उदय का प्रणाम
तेरे ही करम से
रोशन है मेरा भी नाम

# विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं

भारतीय हाल में अमेरिका से 104 आप्रवासी भारतीयों को हथकडियां और बेडियां लगा कर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या अपनी वीजा अवधि समाप्त होने के वे पश्चात वहीं रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए। अवैध रूप से अमेरिका जाने का जो तरीका सबसे अधिक चर्चा में है, उसे डंकी रूट' कहा जाता है। इस रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश करने वालों को जोखिमों का सामना करना पड़ता है-जान का खतरा, लूट-खसोट, यौन शोषण, गिरोहों द्वारा बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं आम हैं। सच्चाई यह है कि यह स्वर्गिक आनंद उठाने का नारकीय मार्ग है। जो व्यक्ति डंकी रू ट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रु पये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेज, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा। अमेरिका तक पहुंचने के लिए कई देशों से होते हुए बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आम तौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है। मैक्सिको से अमेरिका की सीमा पार करना सबसे खतरनाक पड़ाव होता है। यहां कई बार लोगों को मानव तस्कर गिरोहों के हाथों लूट लिया जाता है, महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं आम हैं, और कई बार लोगों को बंदी बना कर फिरौती मांगी जाती है। यह यात्रा इतनी कठिन होती है कि कई लोग इसे पूरा करने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की



सीमा पर रेगिस्तान और जंगलों में हर साल सैकड़ों शव पाए जाते हैं, जो इस खतरनाक सफर की भयावहता दर्शाते हैं। अगर कोई खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो भी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीडन् का झूठा दावा करते हैं-कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या भारत में उन्हें धार्मिक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। कुछ तो यहां तक कह देते हैं कि उनके अपने माता-पिता ही उनके दुश्मन हैं ताकि वे अमेरिका में अपने ठहरने के लिए कोई ठोस आधार बना सकें। हालांकि, अमेरिका की नई आव्रजन नीति अब ऐसे झूठे दावों को परखने के लिए और अधिक सख्त हो चुकी है। किसी का दावा गलत पाया जाता है, तो उसे न सिर्फ डिपोर्ट कर दिया जाता है, बल्कि आजीवन अमेरिका में प्रवेश की अनुमति भी नहीं मिलती। भारत में, खासकर पंजाब, गुजरात और हरियाणा में, हजारों एजेंट सक्रिय हैं, जो लोगों को अमेरिका, कनाडा और यूरोप भेजने का झांसा देते हैं। ये एजेंट लोगों से 30-50 लाख रु पये तक वसूलते हैं, और उन्हें यकीन दिलाते हैं कि वे किसी न किसी तरह अमेरिका पहुंच ही जाएंगे। लेकिन वे किसी की सुरक्षा या कानूनी स्थिति की गारंटी नहीं देते। जब लोग किसी मुसीबत में फंसते हैं, तो एजेंट उनसे कोई संपर्क नहीं रखते और कई बार फरार हो जाते हैं। जो लोग डंकी रूट से अमेरिका जाने की कोशिश करते हैं, वे अपनी ही नहीं, बल्कि अपने परिवार की जिंदगी भी दांव पर लगा देते हैं। जब डिपोर्ट हो जाते हैं, तो उनका परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। घर-जमीन तक बिक जाते हैं, कर्ज का बोझ बढ़ जाता है, और समाज में बदनामी का डर अलग से रहता है। डंकी रूट पर गए कई लोग रास्ते में लापता भी हो जाते हैं, या मारे जाते हैं। उनके परिवार वर्षो तक नहीं जान पाते कि उनके बेटे या भाइयों का क्या हुआ।अवैध आप्रवासन की समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि लोगों को इसके खतरों के बारे में जागरूक किया जाए। सरकार को भी चाहिए कि ऐसे एजेंटों पर कड़ी कार्रवाई करे और युवाओं के लिए देश में ही रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करे। युवाओं को भी समझना होगा कि विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं है। अगर वे कानूनी तरीके से विदेश जाना चाहते हैं, तो उन्हें सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। अवैध आप्रवासन को उचित नहीं ठहराया जा सकता। अवैध आप्रवासन का अंत दुखद ही होता है। यह सपना भले ही सुनहरा दिखे, लेकिन इसकी असलियत बेहद भयावह होती है। भारत के युवाओं को सोचना होगा कि क्या वे वाकई अपनी जिंदगी को इस तरह के जोखिम में डालना चाहते हैं? या फिर वे कानूनी और सुरक्षित रास्तों को अपना कर अपने भविष्य को बेहतर बनाना चाहेंगे? फैसला उनके हाथ में है।

-बलदेव राज-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

C M Y K

# नगर निगम व नगर पंचायत के प्रत्याशियों के भाग्य की EVM कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में किया गया सील,फैसला 15 को...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।




नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतदान दलों की सकुशल वापसी हुई। मतदान दल नगर निगम अंबिकापुर, नगर पंचायत लखनपुर और सीतापुर नगर पंचायत में अपने-अपने क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में मतदान सामग्री जमा कर सुरक्षित स्ट्रांग रूम को विधिवत सील कर दिया गया है। इस दौरान अभ्यार्थियों के प्रतिनिधि एवं सामान्य प्रेक्षक डॉ. संतोष कुमार देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील कुमार नायक, नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप, एसडीएम फागेश सिन्हा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी मतदान दलों को शांतिपूर्ण मतदान के लिए बधाई दी। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

चुनाव में नगर निगम अम्बिकापुर के 48 वार्डों में कुल 1,21454 मतदाताओं में 76,764 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें 38,471 पुरुष, 38,287 महिला और 6 तृतीय लिंग के मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं, नगर पंचायत लखनपुर के 15 वार्डों में कुल 5692 मतदाताओं में 4,713 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 2,276 पुरुष और 2,437 महिला मतदाता शामिल रहे। नगर पंचायत सीतापुर के 15 वार्डों में कुल 6589 मतदाताओं में 5,373 मतदाताओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई, जिसमें 2,639 पुरुष और 2,734 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह नगर पालिका निगम अम्बिकापुर में 63.20 प्रतिशत, नगर पंचायत लखनपुर में 82.80 प्रतिशत और नगर पंचायत सीतापुर में 81.54 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल मिलाकर जिले के तीनों नगरीय निकायों में 64.94 प्रतिशत मतदान हुआ। नगरीय निकायों के लिए मतगणना 15 फरवरी की सुबह 8 बजे से शुरू होगी, जिसमें नगर निगम के महापौर, अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के बीच हार-जीत का फैसला होगा। वहीं नगर निगम अंबिकापुर के लिए महापौर पद के लिए भाजपा से मंजूषा भगत व कांग्रेस से डॉ. अजय तिर्की सहित 6 प्रत्याशी हैं। वहीं निगम के 48 वार्डों के लिए कुल 124 प्रत्याशी हैं। इसके अलावा नगर पंचयत लखनपुर के लिए अध्यक्ष पद के लिए 3 व वार्ड पार्षद के लिए 32 प्रत्याशी हैं। वहीं नगर पंचायत सीतापुर के लिए भी अध्यक्ष पद के लिए 3 व वार्ड पार्षद के लिए 40 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने चुनाव के दिन मंगलवार को कर दिया है। इन सभी प्रत्याशियों के भाग्य अब स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच सील है। वहीं नगर निगम के महापौर पद के लिए कांग्रेस से डॉ. अजय तिर्की व भाजपा से मंजूषा भगत के बीच सीधा मुकाबला है। चुनाव के बाद सभी प्रत्याशी मतों के गुणा-भाग में जुटे हैं। लोग अपने-अपने जीत का दावा कर रहे हैं।

## इन केन्द्रों पर हुई औसत से कम मतदान

उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार नायक ने बताया कि नगर पालिक निगम अंबिकापुर का औसत मतदान 63.20 रहा तथा औसत से 15 प्रतिशत अधिक मतदान वाले 4 मतदान केन्द्र रहे। जिसमें केंद्र क्रमांक 122-प्राथमिक शाला नवागढ़ 81.81 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 124 सामुदायिक भवन हरसागर तालाब 81.28 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 75-प्राथमिक शाला सत्तीपारा 79.45 प्रतिशत, एवं केंद्र क्रमांक 7-स्वामी आत्मानंद स्कूल गांधीनगर का मतदान प्रतिशत 78.29 प्रतिशत रहे। इसी प्रकार औसत से 15 प्रतिशत कम मतदान वाले 6 केन्द्र रहे। जिसमें केंद्र क्रमांक 25-बीटीआई अम्बिकापुर 40.66 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 28-बीटीआई अम्बिकापुर 43.35 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 15-पूर्व माध्यमिक शाला गोधनपुर 46.28 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 23-मुख्य कार्यपालन अभियंता कार्यालय सिचाई विभाग 46.55 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 56-प्राथमिक शाला केदारपुर 47.28 प्रतिशत एवं केंद्र क्रमांक 26-बीटीआई अम्बिकापुर 47.68 प्रतिशत रहे।

# जिला पंचायत सदस्य के कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को मंदिर में जाने से रोका, भाजपा नेता पर दुर्व्यवहार का आरोप




- संवाददाता -
अंबिकापुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 के कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सरिता पैकरा ने बीजेपी नेता अरविन्द मिश्रा पर आजिगत दुर्व्यवाहार करने व मंदिर में जाने से रोकने का आरोप लगाई है। सरिता पैकरा ने मंगलवार की शाम को कांग्रेस नेताओं के साथ अजाक थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकातय की है और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सरिता पैकरा पति विवेक पैकरा उम्र 22 वर्ष भफोली की रहने वाली है। वह जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 में कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी है। सरिता पैकरा ने अजाक थाना में लिखित शिकातय की है। जिसमें उल्लेख की है कि मंगलवार को जिला पंचायत की अध्यक्ष मधु सिंह, अपने पति विवेक पैकरा व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क कर रही थी। सभी चुनाव प्रचार के लिए अजिरमा गए थे। सभी अजिरमा में बल्लभ राधा कृष्ण मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे तो वहां भाजपा नेता अरविंद मिश्रा ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने कहा कि यहां भाजपा का कार्यक्रम है, आप लोग कांग्रेस से हैं अंदर नहीं जा सकते। वहीं सरिता सिंह ने जाति सूचक अपशब्द बोलेने का भी आरोप लगाया है। प्रत्याशी सरिता पैकरा ने जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह और कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता के साथ देर शाम अजाक थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि हमलोगों को पूजा करने से मना किया गया। हमारी आस्था है कि हम जहां भी जाते हैं, मंदिर में पूजा करते हैं। अरविंद मिश्रा ने कहा कि आपको पूजा करना मना है। इस घटना से मैं आहत हूं। सरिता सिंह व कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मामले की लिखित शिकायत आजाक थाने में की गई है। 24 घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज नहीं की जाती है तो आंदोलन की चेतावनी दी है। मामले में इंद्रदेव भगत, एएसआई, थाना अजाक सरिता पैकरा का लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- संवाददाता -
अंबिकापुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



ग्राम सकालो में एक महिला ने 10 फरवरी की रात को अज्ञात कारण से फांसी लगा ली थी। उसे इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार आशा चेरवा पति ओमप्रकाश चेरवा उम्र 27 वर्ष ग्राम सकालो थाना गांधीनगर के रहने वाली थी। महिला एक सप्ताह से अपने मायके में ही रह रही थी। 10 फरवरी को पति ससुराल गया था। रात में खाना खाने के बाद पति-पत्नी एक ही कमरे में सो रहे थे। इस दौरान पति देर रात तक मोबाइल से गाना सून रहा था। इसके बाद वह सो गया। वहीं अचानक कमरे में चिल्लाने की आवाज आई। उठाकर देखा तो उसकी पत्नी कमरे में फांसी लगा ली थी। वह कमरे से बाहर निकलकर घटना की जानकारी अन्य परिजन को दी। उसे फांसी से उतारकर इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान 11 फरवरी की सुबह उसकी मौत हो गई।

# ग्राम गणेशपुर में ग्रामीण के घर के बाड़ी में रखे पैरावट में लगी आग दमकल की टीम पहुंची मौके पर पाया आग पर काबू

- संवाददाता -
लखनपुर, 12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में 12 फरवरी दिन बुधवार की दोपहर ग्रामीण के घर के बाड़ी में रखें पैरावट में आग लग गई। ग्रामीणों ने दमकल टिम को सूचना दी। सूचना उपरांत दमकल की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक डॉक्टर राजवाड़े पिता मोहन राजवाड़े ग्राम गणेशपुर गांधी चौक निवासी जो अपने घर के बाड़ी में मवेशियों के लिए चारा स्वरूप लगभग ?6000 का पैरा घर की बाड़ी में रखा हुआ था।अज्ञात कारणों से पैरावट में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने रौद्र रूप लिया। ग्रामीणों द्वारा तत्काल दमकल टीम को सूचना दी गई सूचना उपरांत दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और किसी तरह आप पर काबू पाया गया लेकिन जब तक आंख पर काबू पाया जाता तब तक पैरा जलकर खाक हो चुका था। पैरा के जल जाने से ग्रामीण के सामने मवेशियों के लिए चारा की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीण ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।




# सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

सड़क हादसे में एक वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुन्दर साय उम्र 77 वर्ष भटगांव थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह मंगलवार की शाम को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के मतदान पश्चात दस्तावेजों की संवीक्षा संपन्न



- संवाददाता -
अंबिकापुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के नगर पालिका निगम अंबिकापुर, नगर पंचायत सीतापुर एवं नगर पंचायत लखनपुर के आम निर्वाचन संपन्न कराया गया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अंबिकापुर में सामान्य प्रेक्षक डॉ संतोष कुमार देवांगन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर एवं राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान पश्चात मतदान के संबंध में दस्तावेजों की संवीक्षा की गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील कुमार नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि नगर पालिक निगम अंबिकापुर का औसत मतदान 63.20 रहा तथा औसत से 15 प्रतिशत अधिक मतदान वाले 04 मतदान केन्द्र रहे। जिसमें केंद्र क्रमांक 122-प्राथमिक शाला नवागढ़ 81.81 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 124 सामुदायिक भवन हरसागर तालाब 81.28 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 75-प्राथमिक शाला सत्तीपारा 79.45 प्रतिशत, एवं केंद्र क्रमांक 7-स्वामी आत्मानंद स्कूल गांधीनगर का मतदान प्रतिशत 78.29 प्रतिशत रहे। इसी प्रकार औसत से 15 प्रतिशत कम मतदान वाले 06 केन्द्र रहे। जिसमें केंद्र क्रमांक 25-बीटीआई अम्बिकापुर 40.66 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 28-बीटीआई अम्बिकापुर 43.35 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 15-पूर्व माध्यमिक शाला गोधनपुर 46.28 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 23-मुख्य कार्यपालन अभियंता कार्यालय सिंचाई विभाग 46.55 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 56-प्राथमिक शाला केदारपुर 47.28 प्रतिशत एवं केंद्र क्रमांक 26-बीटीआई अम्बिकापुर 47.68 प्रतिशत रहे।

इसी प्रकार नगर पंचायत सीतापुर का मतदान औसत 81.54 प्रतिशत रहा तथा औसत से 15 प्रतिशत अधिक मतदान केन्द्र वाले केन्द्र की संख्या निरंक है एवं औसत से 15 प्रतिशत कम एक मतदान केन्द्र 14 आंगनबाड़ी केन्द्र उरावधारा 66.28 प्रतिशत रहा। नगर पंचायत लखनपुर का मतदान औसत 82.80 प्रतिशत रहा तथा औसत से 15 प्रतिशत अधिक मतदान केन्द्र वाले केन्द्र की संख्या निरंक है एव औसत से 15 प्रतिशत कम मतदान केन्द्रों की सख्या निरंक है।

प्रेक्षक डॉ संतोष कुमार देवांगन द्वारा चयनित मतदान केन्द्र की संवीक्षा की गई।पीठासीन अधिकारी की डायरी, रिकार्ड किये गये मतों का लेखा, निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति एवं मतदाता रजिस्टरों का परीक्षण किया गया जिसमें सही पाया गया। जांच उपरांत पुनः लिफाफा में सील बंद कर दिया गया। संवीक्षा में राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं सभी मतदान प्रक्रिया पर संतुष्टि जताई। कलेक्टर ने नगरीय निकाय निर्वाचन के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान अम्बिकापुर एसडीएम श्री फागेश सिन्हा, सीतापुर एसडीएम श्री नीरज कौशिक, उदयपुर एसडीएम श्री बन सिंह नेताम एवं राजनीतिक दल के अभ्यर्थी और प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संवीक्षा कार्यवाही संपन्न हुआ।

# पुरानी रंजिश पर तीन बदमाशों ने 11 वीं के छात्र को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

पंरानी रंजिश को लेकर तीन बदमाशों ने रास्ता रोककर 11वीं के छात्र के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अयाज शाह पिता इकबाल शाह उम्र 18 वर्ष ग्राम रनपुर खुर्द थाना कोतवाली का रहने वाला है। वह मोंटफोर्ट स्कूल में कक्षा 11 वीं में पढ़ाई करता है। 11 फरवरी की शाम करीब 5.30 बजे अयाज अपने दोस्त आसिफ अंसारी के साथ स्कूटी से कोचिंग के लिए गुदरी बाजार जा रहा था। गोधनपुर चौक के पास पहुंचा ही था कि उसी समय सुहेल शाह, सलमान खान उर्फ लल्लू, साजीद अंसारी रास्ता रोककर स्कूटी को रूकवाये और पुरानी रंजीस की बात को लेकर अयाज शाह के साथ मारपीट व गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान बदमाशों ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। अयाज ने घर जाकर घटना की जानकारी परिजन को दी। इसक बाद वह गांधीनगर थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 126 (2), 296, 3 (5), 324 (2), 351 (3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



# कार से कर रहा था अंग्रेजी शराब का अवैध कारोबार,पुलिस ने किया गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

6 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ कोतवाली पुलिस ने 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कार में शराब रखकर प्रतिक्षा बस स्टैंड के पास ग्राहक का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इस दौरान मुखबिर से पुलिस को जानकारी मिली की एक व्यक्ति कार में अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री करने के लिए प्रतिक्षा बस स्टैंड के पास ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर संदेही के कार की तलाशी ली। कार में कुल 6 लीटर अंग्रेजी शराब पाया गया। पुलिस ने कार सहित शराब को जब्त किया है। अवैध शराब कारोबार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी गगन उर्फ रसप्रीत सिंह पिता हरजीत सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी गुदरी चौक अम्बिकापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# शेख हसीना की वापसी के लिए बांग्लादेश का प्रयास जारी

## यूएन ने जारी किया बयान,द्विपक्षीय सहयोग की उम्मीद

**जिनेवा,12 फरवरी 2025।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से वापस लाने का लगातार रूप से प्रयास किया जा रहा है। इसी बीच इस मामले में संयुक्त राष्ट्र ने अपना बयान जारी किया है। जहां उनके शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि प्रत्यर्पण एक द्विपक्षीय प्रक्रिया है और उम्मीद है कि दोनों देश एक-दूसरे का सहयोग करेंगे।

बता दें कि बीते दिनों बांग्लादेश में व्यापक अशांति के दौरान लगभग 1400 प्रदर्शनकारी मारे गए। हजारों हताहत हुए। इसके बाद हालात इतने बिगड़े कि अगस्त, 2024 में शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। फिलहाल बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शेख हसीना को भारत से प्रत्यर्पित कराने के प्रयास में लगी है। भारत ने अभी अपना फैसला नहीं लिया है।

### रोरी मुंगोवेन का बयान



मामले में बांग्लादेश सरकार के बढ़ते प्रयास के बीच संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय के एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख रोरी मुंगोवेन ने कहा कि प्रत्यर्पण के मामले में उचित प्रक्रिया और अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्यर्पण के अलावा, बांग्लादेश को शरण लेने वाले लोगों से जुड़े मामलों में अन्य तरीकों से भी सहयोग किया जा सकता है, जैसे कि भ्रष्टाचार की जांच और गलत तरीके से अर्जित संपत्तियों का पता लगाना। साथ ही मुंगोवेन ने यह भी कहा कि यदि शेख हसीना को प्रत्यर्पित किया जाता है, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि निष्पक्ष सुनवाई हो और उचित प्रक्रिया का पालन किया जाए।

गैरतलब है कि बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने शेख हसीना और उनके पूर्व मंत्रियों के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के आरोपों में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। हसीना और भारत से उनके प्रत्यर्पण पर चर्चा करते हुए मुंगोवेन ने कहा कि यह एक द्विपक्षीय प्रक्रिया है और दोनों देशों को सहयोग करना चाहिए।

### राजदूत तुर्क का बयान

वहीं, संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने भी बांग्लादेश में न्यायिक प्रक्रिया सुधारने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन के अपराधियों को दंड से बचने का मौका नहीं मिलना चाहिए। देखा जाए तो भारत और बांग्लादेश के बीच हाल के समय में संबंध तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों और हसीना सरकार के खिलाफ उठाए गए आरोपों के कारण।

# तस्लीमा नसरीन की किताब बेचने पर बुक स्टॉल पर हमला, मोहम्मद यूनुस ने दिए जांच के आदेश



**ढाका,12 फरवरी 2025।** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश अक्सर गलत कारणों से चर्चा में बना हुआ है। बांग्लादेश में कट्टरपंथ इस कदर अपने पैर जमा रहा है कि अब वहां ये स्थिति हो गई है कि एक किताब विक्रेता ने अपने स्टॉल पर बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन की किताब बिक्री के लिए रखी तो लोगों की भीड़ ने उस बुक स्टॉल पर ही हमला कर दिया। इस घटना पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भी नाराजगी जाहिर की है और घटना की जांच के आदेश दे दिए।

**क्या है मामला**

बांग्लादेश में राजधानी ढाका में एक किताब मेला चल रहा है। इसी किताब मेले में सब्यसाची प्रोकाशनी प्रकाशन की स्टॉल लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस स्टॉल पर बांग्लादेश की विवादित लेखिका तस्लीमा नसरीन की एक किताब भी बिक्री के लिए प्रदर्शित की गई थी। इससे नाराजगी जताते हुए लोगों की एक भीड़ सब्यसाची प्रोकाशनी के स्टॉल पर पहुंच गई और स्टॉल को घेर लिया। लोगों ने तौहिदी जनता समूह के बैनर तले यह विरोध प्रदर्शन किया। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को प्रकाशन के प्रमुख को पुलिस कंट्रोल रूम ले जाना पड़ा, लेकिन गुस्साए लोग पुलिस कंट्रोल रूम भी पहुंच गए। किसी तरह पुलिस ने भीड़ को समझाया और मामले को शांत कराया।

फिलहाल किताब मेले से सब्यसाची प्रोकाशनी के स्टॉल को बंद कर दिया गया है। तस्लीमा नसरीन ने भी घटना पर नाराजगी जताई। वहीं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भी घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह से व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी लोग इस घटना में दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। बांग्ला एकेडमी ने एक सात सदस्यीय समिति का गठन किया है,जो प्रकाशन पर हमले की जांच करेगी और समिति को तीन दिनों के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है।





# जर्मनी में हाई-स्पीड ट्रेन और ट्रक की टक्कर,एक व्यक्ति की मौत, 25 घायल

**बर्लिन,12 फरवरी 2025।** जर्मनी के हैम्बर्ग शहर के बाहरी इलाके में हाई-स्पीड ट्रेन और ट्रक के बीच हुई टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में 25 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें से छह गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने बताया कि हादसा मंगलवार को हुआ। ट्रक में रेलवे ट्रैक्स भरे हुए थे। हादसे के वक्त ढ्ढष्टश्व ट्रेन में 291 लोग सवार थे।

पुलिस ने बताया कि घायल यात्रियों को ट्रेन से निकालकर पास के स्टेशन पर बस के जरिए ले जाया गया। हालांकि, एक 55 वर्षीय यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जर्मन समाचार एजेंसी ने एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया कि ट्रेन ने क्रॉसिंग पर ट्रक को टक्कर मार दी और ट्रेन के आगे की डिब्बों की खिड़कियां टूट गईं। ट्रक का सामान दुर्घटनास्थल के आसपास बिखरा पड़ा था।

पुलिस के मुताबिक, यह तुरंत साफ नहीं हो पाया कि दुर्घटना किस वजह से हुई। ट्रक चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। बुधवार सुबह तक रेलगाड़ी को ट्रैक से हटा लिया गया था। इसके बाद रेलवे लाइन को फिर से खोल दिया गया था।

# पीएम मोदी और मैक्रों की मुलाकात,द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर हुई बात

**पेरिस,12 फरवरी 2025।** पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बात हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने अपने द्विपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के साझा दृष्टिकोण और वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर बात की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने जनवरी 2024 में राष्ट्रपति मैक्रों की भारत की राजकीय यात्रा की थी। इससे पहले जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दों पर सहमति बनी। वार्ता के दौरान 2047 रोडमैप पर चर्चा हुई। यह रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर बैस्टिल दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में होगा। उन्होंने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हासिल की गई प्रगति की सराहना की और इसे तेज करने की प्रतिबद्धता जताई।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार पर दिया जोर

विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और तकनीकी, आर्थिक क्षेत्रों सहित उभरते विकास के लिए दुनिया को तैयार करने के लिए प्रभावी बहुपक्षवाद के आह्वान को दोहराया। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। यूएनएससी मामलों सहित बहुपक्षीय मंचों में समन्वय पर सहमति व्यक्त की। फ्रांस ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन दोहराया। दोनों नेताओं ने सामूहिक अत्याचारों के मामले में वीटो के उपयोग के विनियमन पर बातचीत को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय विकास पर व्यापक चर्चा की। साथ ही बहुपक्षीय पहलों और संस्थानों के माध्यम से अपने वैश्विक और क्षेत्रीय जुड़ाव को तेज करने पर सहमति व्यक्त जताई।



### भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की शुरुआत की घोषणा

दोनों नेताओं ने वैज्ञानिक ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के महत्व को स्वीकार किया। दोनों नेताओं ने भारत और फ्रांस के बीच लंबे और स्थायी जुड़ाव को याद करते हुए राष्ट्रपति मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च 2026 से नई दिल्ली में होने वाले भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का लोगो लॉन्च करके भव्य उद्घाटन की घोषणा की।

### यूक्रेन-रूस युद्ध पर हुई बात

दोनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी बात की। इसमें पश्चिम एशिया और यूक्रेन में युद्ध भी शामिल है। वे नियमित आधार पर समन्वय और निकटता से जुड़े रहने के अपने प्रयासों को जारी रखने पर सहमत हुए। पीएम मोदी और मैक्रों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की निंदा की। उन्होंने आतंकवाद की फंडिंग करने वाले नेटवर्क और सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने का आह्वान किया। वे इस बात पर भी सहमत हुए कि किसी भी देश को उन लोगों को सुरक्षित पनाह नहीं देनी चाहिए जो आतंकवादी कृत्यों को फंडिंग, योजना, समर्थन या अंजाम देते हैं। नेताओं ने सभी आतंकियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान किया। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1267 प्रतिबंध समिति द्वारा सूचीबद्ध समूहों से जुड़े व्यक्तियों को नामित करना भी शामिल है। दोनों पक्षों ने वित्तीय कार्रवाई कार्य बल की सिफारिशों के अनुरूप धन शोधन विरोधी और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने के अंतरराष्ट्रीय मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। दोनों देशों ने नो मनी फॉर टेरर (ह्रूस्नञ्ज) और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर एक साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर भी काम करने पर जताई सहमति

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर भारत-फ्रांस का रोडमैप लॉन्च किया। यह सुरक्षित, संरक्षित और भरोसेमंद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर आधारित है। उन्होंने फ्रेंच स्टार्टअप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में भारतीय स्टार्टअप को शामिल करने का स्वागत किया। उन्होंने फ्रांस में भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करने की विस्तारित संभावनाओं का भी स्वागत किया। दोनों नेताओं ने साइबरस्पेस के रणनीतिक महत्व और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुप्रयोग और साइबरस्पेस में जिम्मेदार राज्य व्यवहार के लिए ढांचे के कार्यान्वयन के संबंध में संयुक्त राष्ट्र में अपने समन्वय को मजबूत करने की अपनी इच्छा को दोहराया।

# टेस्ला को एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप की नजदीकियों से हो सकता है फायदा,कई कानूनी विशेषज्ञ हैं चिंतित



**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025।** अमेरिका की दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी ञ्जद्गह्यद्यड्ड (टेस्ला) के सीईओ एलन मस्क लंबे समय से अमेरिकी सरकार की नीतियों की आलोचना करते रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार की विभिन्न जांच और सुरक्षा नियमों के कारण टेस्ला की सेल्फ-ड्राइविंग कारों को विकसित करने की योजना बाधित हो रही है।

अब, मस्क और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बढ़ती नजदीकियों के कारण टेस्ला को इन समस्याओं से राहत मिल सकती है। ट्रंप प्रशासन टेस्ला के खिलाफ चल रही कई सरकारी जांचों और सुरक्षा नियमों को खत्म कर सकता है।

ट्रंप प्रशासन कई संघीय जांचों और सुरक्षा कार्यक्रमों को तुरंत रद्द कर सकता है। जिसमें टेस्ला के आंशिक रूप से स्वचालित वाहनों की दुर्घटना जांच, अमेरिकी न्याय विभाग की आपराधिक जांच जिसमें यह जांच की जाएगी कि क्या मस्क और टेस्ला ने अपनी कारों की स्वचालित ड्राइविंग क्षमताओं को बढ़ा-चढ़ाकर बताया है। और टेस्ला के ऑटोपायलट जैसी तकनीक का उपयोग करने वाले वाहनों पर दुर्घटना डेटा की रिपोर्ट करने का सरकारी आदेश शामिल हैं। हालांकि, सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यदि ऐसा हुआ, तो इसका गंभीर असर हो सकता है। इन जांचों और सुरक्षा नियमों की वजह से अब तक कई लोगों की जान बची है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन की पूर्व वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार मिस्सी कमिंग्स ने कहा, ÷मस्क परिवहन विभाग चलाना चाहते हैं। टेस्ला के साथ चल रही जांचों की संख्या की मैं गिनती ही भूल गई हूं। वे सभी खत्म हो जाएंगी।

**मस्क और ट्रंप सरकार में बड़े बदलाव लाने की कोशिश में**

एलन मस्क और ट्रंप प्रशासन मिलकर अमेरिकी सरकार की कई नीतियों को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। वे सरकारी खर्चों और कई योजनाओं को रोक रहे हैं और कई अधिकारियों को हटा रहे हैं।

व्हाइट हाउस और मस्क संघीय सरकार के खिलाफ बेलगाम युद्ध छेड़े हुए हैं। जिसमें उन्होंने खर्च और कार्यक्रमों को रोक दिया है। जबकि कई कैरियर कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। जिनमें अभियोजक और सरकारी निगरानीकर्ता शामिल हैं, जिन्हें आमतौर पर बिना किसी कारण के इस तरह की बर्खास्तगी से बचाया जाता है। इस तरह के फैसलों से कई कानूनी विशेषज्ञ चिंतित हैं। उनका कहना है कि यह अमेरिका के सत्ता संतुलन को हिला सकता है।

हालांकि, ट्रंप सरकार ने अभी तक कोई ऐसा फैसला नहीं लिया है जिससे टेस्ला या मस्क की अन्य कंपनियों को सीधा लाभ मिले। लेकिन अगर सरकारी जांचें बंद कर दी जाती हैं और सुरक्षा नियमों को हटाया जाता है, तो यह मस्क के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

क्या है विशेषज्ञों की राय

रिपोर्ट के मुताबिक, वॉल स्ट्रीट के ऑटोमोबाइल और टेक इंडस्ट्री विश्लेषक डैनियल इव्स का कहना है, ट्रंप और मस्क की नजदीकियों से अनिवार्य रूप से बनी सख्त सरकारी नीतियां कमजोर हो सकती हैं, जो टेस्ला को दबा रही हैं।

### टेस्ला पर सरकारी नियंत्रण कितना मजबूत है?

सरकार के पास टेस्ला जैसी कंपनियों पर कई तरह की जांच करने और सुरक्षा नियम लागू करने की शक्ति है। टेस्ला इस समय कई सरकारी एजेंसियों की जांच का सामना कर रही है, जिनमें शामिल हैं-

न्याय विभाग-टेस्ला की सेल्फ-ड्राइविंग तकनीक से जुड़े दावों की जांच कर रहा है।

सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन-टेस्ला के वित्तीय मामलों की निगरानी कर रहा है।

नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड-टेस्ला के कर्मचारियों से जुड़े मामलों की जांच कर रहा है।

टेस्ला पर सबसे ज्यादा प्रभाव डालने वाली एजेंसी है नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन। यह एजेंसी अमेरिकी परिवहन विभाग के तहत काम करती है और सड़क सुरक्षा मानकों को लागू करने की जिम्मेदारी रखती है।

NHTSA ने टेस्ला के सेल्फ-ड्राइविंग सिस्टम को लेकर छह जांचें शुरू की हैं। इन जांचों की वजह से टेस्ला को कई बदलाव करने पड़े हैं।

विश्लेषक डैनियल इव्स का कहना है, NHTSA ने पिछले 10 वर्षों में मस्क को परेशान किया है। अगर ट्रंप प्रशासन इस एजेंसी को कमजोर करता है, तो टेस्ला को राहत मिल सकती है।÷

दुर्घटनाओं के शिकार लोग सरकारी निगरानी की कमी से चिंतित

जो लोग टेस्ला दुर्घटनाओं का शिकार हुए हैं, वे इस बात से डरे हुए हैं कि अगर सरकारी जांच कम हो गई, तो सड़क पर और भी खतरनाक हादसे हो सकते हैं।

ऐसी ही एक दुर्घटना में 22 साल की नैबेल बेनावाइड्स लियोन की मौत हो गई। फ्लोरिडा में, एक टेस्ला कार बिना रुके एक चौराहे से निकल गई और उससे टकराने के कारण नैबेल की मौके पर ही मौत हो गई। उनके बॉयफ्रेंड डिलन अंगुलो घायल हो गए लेकिन बच गए।

सरकारी जांच में पाया गया कि टेस्ला की ऑटोपायलट प्रणाली में गंभीर खामियां थीं और इसे ठीक करने की जरूरत थी।

### पीड़ितों का दर्द

नैबेल की बहन नीमा ने कहा,हमारी जिंदगी पहले जैसी नहीं रही।

# विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

– संवाददाता –

**अंबिकापुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधानसभा का पंचम सत्र 24 फरवरी 2025 से 21 मार्च 2025 तक आहूत किया गया है।विधानसभा सत्र के दौरान जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्रावधि के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय या मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगे। अति आवश्यक कार्य या अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा एवं जिला स्तर के अधिकारी के अवकाश हेतु कलेक्टर सरगुजा से लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही अवकाश पर प्रस्थान कर सकेंगे।

# सामूहिक दवा सेवन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 27 फरवरी से 13 मार्च तक

– संवाददाता –

**अंबिकापुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।** जिला सरगुजा में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन ड्रग एडमिनिस्ट्रेट एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि 10 से 28 फरवरी 2025 तक किया जाना निर्धारित थी। राज्य में स्थानीय चुनाव हेतु आदर्श आचरण संहिता को देखते हुए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 27 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक क्रियान्वयित किया जाएगा।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम क्रियान्वयन होगा। जिसमें 27 फरवरी से 02 मार्च तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न संस्थानों में बूथ लगाकर लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाना है।

03 मार्च से 10 मार्च 2025 तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेट द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भेंट कर दवा सेवन कराया जाना है। 11 मार्च से 13 मार्च 2025 तक छूटे हुये लाभार्थियों को मॉप अप राउंड अंतर्गत दवा सेवन कराया जाना है। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में 27 फरवरी से 13 मार्च तक दवा सेवन कराया जाएगा।

# डीजल खत्म होने पर ट्रैक्टर को जंगल में खड़ा कर गया था लेने, इधर चोरों ने कर दी पार

– संवाददाता –

**अंबिकापुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।** उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जरहाडीह जंगल से 10 फरवरी को अज्ञात चोरों ने टैक्टर चोरी कर फरार हो गए। डीजल खत्म होने पर चालक वाहन को जंगल में ही खड़ा कर डीजल लेने पेट्रोल पंप गया था। वापस आकर देखा तो ट्रैक्टर नहीं था। वह मामले की रिपोर्ट उदयपुर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार पुनों यादव ग्राम चाल्हा थाना कापू जिला रायगढ़ का रहने वाला है। वह अपने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 एक्यू 1044 को अक्टूबर 2024 में भैयाथान जिला सूरजपुर में पाइप लाइन में काम करने के लिए भेजा था। काम खत्म होने पर 10 फरवरी की शाम को 6.30 बजे वह भैयाथान से ट्रैक्टर चलाकर वापस लेकर जा रहा था। रास्ते में उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जरहाडीह जंगल में ट्रैक्टर का डीजल खत्म हो गया। वह जंगल में ही ट्रैक्टर को खड़ा कर डीजल लेने गया था। पेट्रोल पंप से डीजल लेकर वापस आकर देखा तो खड़े किए गए स्थान पर ट्रैक्टर नहीं था। अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट उदयपुर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी विपिन तिग्गा का निधन

– संवाददाता –

**अंबिकापुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।** अंबिकापुर जनसंपर्क विभाग के संयुक्त संचालक विपिन तिग्गा का आज दोपहर 12 बजे निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे।



तिग्गा जनसंपर्क विभाग के एक अनुभवी और समर्पित अधिकारी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सरगुजा (अंबिकापुर) और कोरिया जिले में लंबे समय तक सेवाएँ दीं। कोरिया जिले में उनके कार्यकाल को विशेष रूप से याद किया जाता है, जहाँ उन्होंने जनसंपर्क क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।

उनके निधन से विभाग में शोक की लहर है। सहकर्मियों और शुभचिंतकों ने उन्हें ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और सरल स्वभाव का अधिकारी बताया। उनकी कार्यशैली और व्यवहार से वे सभी के प्रिय थे। तिग्गा अपने पीछे पत्नी और दो पुत्रों का परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार पारिवारिक परंपराओं के अनुसार 13 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे अंबिकापुर में किया जाएगा।

# एमसीबी जिले में चिरमिरी नगर निगम व मनेंद्रगढ़ नगर पालिका में भाजपा की बन सकती है शहर सरकार

## यदि इन दोनों जगह पर बनी सरकार तो स्थानीय मंत्री का बढ़ेगा कद

## चिरमिरी नगर निगम भाजपा प्रत्याशी को 16000 से 16500 मत मिलने की उम्मीद है...

## कांग्रेस प्रत्याशी को 12500 से 13000 मत मिलने का रुझान

## 7000 मत निर्दलीय के खाते में जा सकता है...

## चिरिमिरी नगर निगम में 36210 कुल मत पड़े जिसके अनुसार कुछ ऐसे ही रुझान आ रहे हैं...

## ईवीएम में बंद प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 15 फरवरी को...

-रवि सिंह-
चिरमिरी/मनेन्द्रगढ़ 12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
नगरी निकाय चुनाव संपन्न हो चुका है एमसीबी जिले में एक नगर निगम, एक नगर पालिका व चार नगर पंचायत चुनाव संपन्न हुए हैं, जहां सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईबीएम में बंद है जो 15 फरवरी को खुलेगा,अब ईवीएम में किसका भाग खुलता है यह तो 15 फरवरी को ही मतदान के गणना में पता चलेगा पर जो रुझान आ रहे हैं उसके अनुसार चिरमिरी नगर निगम व मनेंद्रगढ़ नगर पालिका में भाजपा की शहर सरकार बनती दिख रही है। अभी तक की रुझानों में भाजपा इन दोनों जगह पर जीत रही है, जहां चिरमिरी नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी को रुझानों के अनुसार 16000 से 16500 मत मिलने की बात आ रही है, तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी को 12500 से 13000 के बीच मत मिल सकते है,वहीं निर्दलीय प्रत्याशी लगभग 7000 मत पा सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो भाजपा का आविष्कार सफल हो जाएगा, नए प्रत्याशी को भी खड़ा करके भाजपा यदि जीत दिला देती है तो भाजपा के लिए यह कोई छोटी-मोटी बात नहीं होगी बहुत बड़ी बात होगी, साथ ही यहां के मंत्री का भी कद बढ़ जाएगा, ऐसा अब देखते व सुनने को मिल रहा है। कुछ ऐसी ही स्थिति मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका चुनाव की भी सामने आ जहां 18330 मतदाताओं ने अपना मत दिया है जिसमें से भाजपा के प्रत्याशी को 10000 से 10500 मत मिलने का रुझान आ रहा है वही 7000 से 7500 मत कांग्रेस प्रत्याशी को मिल सकता है। आप पार्टी के प्रत्याशी को 800 से 900 मत मिल सकता है।










### क्या रुझानों के अनुसार इन जगहों पर ट्रिपल इंजन की होगी सरकार

मतदान के बाद जो रुझान आ रहे हैं उसे देखते हुए चिरमिरी नगर निगम व मनेंद्रगढ़ नगर पालिका इन दोनों जगह भाजपा की शहर सरकार बन सकती है, यदि बनती है तो यहां पर ट्रिपल इंजन की सरकार होगी और विकास अवरुद्ध नहीं होगा ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है और केंद्र से लेकर राज्य में भाजपा की सरकार होने की वजह से इन दोनों जगह पर भी भाजपा की सरकार बनती दिख रही है, वहीं दिल्ली के नतीजे ने भी भाजपा के प्रत्याशियों की जीत की संभावनाओं को भी बढ़ाया है।

### मंत्री का भी विशेष योगदान

स्थानीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शहरी सरकार भाजपा की बने इसके लिए जित्तौड़ मेहनत करते दिखे, यदि ऐसे में शहरी सरकार भाजपा की बनती है तो योगदान कहीं ना कहीं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का भी होगा, क्योंकि उन्होंने शहरी सरकार भाजपा की बनाने का जुम्मा भी लिया था और यदि वह जिम्मा पूरा कर लेते हैं तो हो सकता है कि उन्हें पार्टी नया इनाम भी दे सकती है, साथ ही इस चुनाव को लेकर उनके साख भी दाव पर लगा था और अभी तक लगा है जब तक परिणाम नहीं आ जाता, यदि परिणाम में उच्च नीच हुआ तो हो सकता है कि इन्हें इनाम की जगह सजा न मिल जाए। पर इन्होंने प्रत्याशियों को जितवाने के लिए जो मेहनत की वह देखने को मिली, लग रहा था कि मंत्री मेहनत कर रहे हैं अब मेहनत में खोट है या फिर शिद्दत से की गई मेहनत है यह तो 15 फरवरी का परिणाम बताया।

### कांग्रेस के प्रत्याशी हारे तो अगला विधानसभा भी हाथ से गया

नगरी निकाय चुनाव कहीं ना कहीं कांग्रेस के प्रत्याशियों के लिए अगले विधानसभा का परिणाम भी बता देगी, यदि हार गए तो अगला विधानसभा कांग्रेस के हाथ से भी खिसक जाएगा और यदि जीत गए तो अगले विधानसभा की रेस में बने रहेंगे 15 फरवरी को आने वाला परिणाम बहुत कुछ पलट कर रख देगा, एक नया इतिहास भी बन सकता है यह चुनाव जिस प्रकार से लड़े गए हैं और जिस तरह से हो रहा है उसे लेकर राजनीतिक उथल-पुथल भी होने की संभावना है, पर जो होना है वह 15 फरवरी के परिणाम के बाद होना है इसलिए 15 फरवरी को लेकर जहां शहर की सरकार तय होनी है तो वहीं दोनों राष्ट्रीय पार्टी का भविष्य भी अगले विधानसभा का तय होगा।

# मंदिर परिसर में हुई कथित विवाद से भाजपा का कोई संबंध नहीं



-संवाददाता-
अंबिकापुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
अंबिकापुर के अजिरमा स्थित राधे कृष्णा मंदिर में कुछ व्यक्तियों के बीच हुई बातों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आरोप पर भाजपा सरगुजा ने स्पष्ट किया है कि मंदिर परिसर में यदि कोई बात हुई है तो इससे भारतीय जनता पार्टी के किसी भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता का कोई संबंध नहीं है। भाजपा जिला सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे ने बताया कि कांग्रेस वाले भाजपा पर निराधार आरोप लगाते रहे हैं जबकि पता लगाने पर यह बात सामने आ रही है कि किसी जनपद सदस्य प्रत्याशी के लोगों द्वारा मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया था, और वहां भंडारा में उपस्थित लोगों के बीच यदि कोई कहा सुनी या विवाद हुई है तो इस विषय को भाजपा से जोड़ना कांग्रेसियों का षड्यंत्र है। कथित विवाद में भाजपाईयों के शामिल होने के आरोप का खंडन करते हुए रूपेश दुबे ने कहा कि मंदिर परिसर में हुई बातों के सत्यता की जानकारी मंदिर समिति के सदस्यों से भी ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों का यही चरित्र है, निगम चुनाव में भाजपा के लिए जन समर्थन को देख कर कांग्रेस हताश हो गई है और अन्य लोगों के बीच हुई किसी बात विवाद को भाजपा से जोड़ने की कोशिश कर रही है जबकि भाजपा सरगुजा के किसी भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता का इन बातों से कोई संबंध नहीं है।

# मतगणना के पूर्व सभी तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु प्रेक्षक ने की संमीक्षा



-संवाददाता-
सूरजपुर 12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
नगरीय निकाय निर्वाचन के मतदान के दूसरे दिन आज सामान्य पर्यवेक्षक श्री प्रणव सिंह द्वारा कलेक्टर सभाकक्ष में सभी नोडल, आरओ व एआरओ निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में मतदान की समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में उन्होंने मतदान की स्थिति की समीक्षा की एवं ऐसे मतदान केंद्रों के संबंध में जानकारी चाही जहां संपूर्ण नगरीय निकाय के औसत मतदान प्रतिशत से 15 प्रतिशत अधिक और 15 प्रतिशत कम मतदान हुआ हो। साथ ही उन्होंने मतगणना के पूर्व की सभी तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु सभी नोडल, आरओ व एआरओ निर्वाचन को निर्देशित किया। बैठक में 15 फरवरी मतगणना दिवस पर गणना कार्य को सफलतापूर्वक सम्पादित कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश श्री सिंह द्वारा उपस्थित एवं संबंधित अधिकारियों को दिये गए। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य निर्वाचन प्रक्रिया का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए यह आवश्यक है कि मतगणना कार्य में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी प्रत्येक स्तर पर सावधानी बरते। मतगणना निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के अधीक्षण पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण में संपादित हो इस बात पर उन्होंने ध्यान रखने की विशेष बात कही।

# प्रेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी,सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति निकायों की गयी समीक्षा

-संवाददाता-
एमसीबी,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन के निर्देशानुसार नगर पालिका निमग,नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायत के आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदान के दूसरे दिन जिले में नियुक्त प्रक्षेक के समक्ष निकायों की समीक्षा की जानी है। जिसके के परिपालन में आज जिले में नियुक्त प्रेक्षक दुष्यंत कुमार रायस्त,रिटर्निंग ऑफिसर,सहायक निटर्रिंग ऑफिसर तथा राजनीतिक दल के समक्ष किया गया। सर्व प्रथम नगर पंचायत खोंगापानी के 15 मतदान केंद्रों में से 15 प्रतिशत से कम और 15 प्रतिशत से ज्यादा निकाय के औसत मतदान से किया गया जो कि 69.15 प्रतिशत है। मतदान केंद्र क्रमांक 02 जहां कुल मतदान प्रतिशत 84.88 है तथा मतदान केंद्र क्रमांक 15 जहां कुल मतदान प्रतिशत 50.84 रहा। इन मतदान केंद्रों के मतदाता रजिस्टर चिन्हित मतपत्र, पीठासीन की डायरी तथा मतपत्र लेखा से मिलान कर समीक्षा की गई जो सही पाया गया।



नगर पंचायत नई लेदरी के 15 वार्डों में संपन्न हुए चुनाव की समीक्षा की गयी। नई लेदरी के 3 मतदान केंद्रों को रेण्डम चुन कर मतदाता रजिस्टर चिन्हित मतपत्र, पीठासीन की डायरी तथा मतपत्र लेखा से मिलान कर संवीक्षा की गई जो सही पाया गया। नगर पंचायत झगराखांड में मतदान का औसत प्रतिशत 83.60 रहा। प्रेक्षक द्वारा मतदान केंद्र क्रमांक 05 जिसका मतदान प्रतिशत 90.65 रहा व न्यूनतम मतदान प्रतिशत मतदान केंद्र क्रमांक 07 जिसका मतदान प्रतिशत 76.90 रहा की समीक्षा किया गया। जिसमें मतदाता रजिस्टर, पीठासीन की डायरी, चिन्हित प्रति, एवं मतपत्र लेखा से मिलान किया गया जो कि सही पाया गया।

नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ 22 वार्डों में 34 मतदान केंद्रों में से मतदान केंद्र क्रमांक 06, 13, 16, 18 तथा मतदान केंद्र क्रमांक 22 की संविक्षा की गई। जिसमें मतदाता रजिस्टर, पीठासीन की डायरी, चिन्हित प्रति, एवं मतपत्र लेखा से मिलान किया गया जो कि सही पाया गया। नगर पालिका निगम चिरमिरी के 40 वार्डों की 75 मतदान केन्द्रों में से मतदान केन्द्र क्रमांक 04, 47 तथा मतदान क्रमांक 55 की रेंडम चुनाव कर संवीक्षा किया गया । तत्पश्चात् चिन्हित प्रति, पीठासीन की डायरी, मतपत्र लेखा, मतदाता रजिस्टर का मिलान किया गया। जिसमें सभी दस्तावेजों का मिलान के दौरान सही पाया गया । वहीं नगर पंचायत जनकपुर के 15 वार्डों की 15 मतदान केन्द्रों की स्थानीय निर्वाचन की औसत मतदान प्रतिशत 76.17 है तथा सबसे अधिक मतदान मतदान केन्द्र क्रमांक 06 में 84 प्रतिशत एवं सबसे कम मतदान मतदान क्रमांक 02 एवं 15 में 66 प्रतिशत रहा । मतदान केन्द्र क्रमांक 15 की पीठासीन अधिकारी की रजिस्टर एवं चिन्हांकित प्रति,मतपत्र लेखा का अवलोकन कर मिलान किया गया । मिलान के पश्चात आंकड़े सही पाये गए । किसी भी मतदान केन्द्र से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं है । मतदान दिवस के दिन कोई भी मतदान संबंधी अपराध/घटना होना नहीं पाया गया है।

समीक्षा बैठक में सभी रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के साथ राजनीतिक दल से विशेष सोनी एवं संतोष कुमार सोनी (आप), भावेश जैन, राम गोपाल यादव और किरण कुमार कुजूर (एनआईसी), विवेक अग्रवाल (बीएसपी), धमेंद्र पटवा, श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा, राजेश सोंधिया, राजेश कुमार, नीतू मनहरे, शीला उरांव, दया शंकर यादव, आदित्य राज डेविड, रामचरित द्विवेदी (बीजेपी) और निर्दलीय से बलबीर कौर कालरा अन्य जनप्रतिधि उपस्थित रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मी सिंह पत्नी राम अवधेश सिंह जाति क्षत्रिय निवासी केनाबांध तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 2148/9, 2154/7, 2148/24, 2157/3 रकबा 0.024, 0.001, 0.005, 0.001 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति,आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है,जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 24/02/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अंबिकापुर

# रुझानों में पटना नगर पंचायत में भाजपा की बनती दिख रही है सरकार

## भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह को 1400 से 1450 तक मिल सकता है वोट

## कांग्रेस प्रत्याशी को 1100 से 1150 मत मिलने का अनुमान

## निर्दलीय प्रत्याशी रैशुंन कुरैशी को 900 से 1000 मत मिलने का अनुमान



## पटना नवीन नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रथम कुर्सी किसकी होगी?

### बाकी के खाते में 250 से 300 मत जा सकते हैं...



भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी गायत्री सिंह



कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी श्रद्धा पांडे



निर्दलीय अध्यक्ष प्रत्याशी रैशुंन कुरैशी




-रवि सिंह-
कोरिया/पटना,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
नगरीय निकाय चुनाव 11 फरवरी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया अब 15 फरवरी को परिणाम आने पर परिणाम से पहले जो रुझान आ रहे हैं उसमें कोरिया जिले के नवगठित नगर पंचायत पटना के चुनाव में भाजपा की सरकार बनती दिख रही है,यहां पर त्रिकोणीय मुकाबला मतदान के दिन तक बन गया था पर इसके बावजूद अभी की स्थिति में जो रुझान आ रहे हैं उसमें भाजपा प्रत्याशी को 1400 से 1450 वोट मिलने का अनुमान है, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी श्रद्धा पांडे को 1000 से 1100 मत मिल सकते हैं, वहीं निर्दलीय प्रत्याशी जिन्होंने दोनों राष्ट्रीय पार्टी की नींद उड़ाकर रखी प्रत्याशी रेशुन कुरैशी को 900 से 1000 वोट मिलने अनुमान लगाया जा रहा है। वही बाकी निर्दलीय प्रत्याशी मिलकर 250 से 300 मत पा सकते हैं।

पटना नगर पंचायत का पहला चुनाव काफी रोचक रहा और प्रतिस्पर्धा काफी कड़ी नजर आई जहां एक समुदाय विशेष से निर्दलीय प्रत्याशी को समुदाय का एकतरफा समर्थन मिला लेकिन वहीं अन्य राष्ट्रीय दलों सहित निर्दलीय प्रत्याशियों को उक्त समुदाय न के बराबर समर्थन किया फिर भी मिल रहा रुझान राष्ट्रीय दल के पक्ष में है। भाजपा यहां बाजी मार सकती है यदि रुझान सही साबित हुए। किंतु परन्तु हर चुनाव में रहता है और स्थानीय निकाय या पंचायत के चुनाव काफी अंदरूनी व व्यक्तिगत मसलों और संबंधों पर टीका रहता है जिसकी वजह से अंत तक एकदम कुछ कहना या अनुमान का बिल्कुल सटीक उतरना जरूरी नहीं होता है, वहीं पटना के मामले में अनुमान सही ही साबित हो जाए बिल्कुल ऐसा सही नहीं है लेकिन जनता और चौक चौराहों का समीकरण और वहां से मिल रही जानकारी भाजपा के लिए अच्छी खबर बनकर निकलती सुनी जा रही है। भाजपा ने जहां नए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विधायक के साथ सामंजस्य स्थापित कर यह चुनाव लड़ा वहीं कांग्रेस पार्टी बिखरी नजर आई और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अकेले इस चुनाव में स्थानीय स्तर से डटे रहे अन्य बड़े नेताओं ने कांग्रेस के ने उनका साथ दिया जरूर लेकिन पूर्व विधायक ने पूरे चुनाव से दूरी बनाए रखी। वैसे माना जा रहा है कि पूर्व कांग्रेस विधायक ने चुनाव से दूरी मात्र इसलिए बनाकर रखी जिससे निर्दलीय प्रत्याशी पर कोई लगाम लगाने उन्हें प्रयास न करना पड़े क्योंकि निर्दलीय प्रत्याशी उनका बिल्कुल करीबी चुनाव मैदान में शामिल था। अब परिणामों के बाद समीक्षा होगी जब जितने वाला और हारने वाला अपनी अपनी समीक्षा करने बैठेंगे। वैसे जितने वाला अपने जश्न में मशगूल हो जाएगा और हारने वाला अपने हार की समीक्षा करेगा। इधर दोनों राष्ट्रीय दलों के लिए यह चुनाव काफी कुछ पाने और खोने वाला होगा जो जीत जाएगा वह पायेगा और हारने वाला पछताएगा वैसे पटना कांग्रेस का गढ़ रहा है और रुझानों में कांग्रेस का बढ़त बनाते न दिखना कांग्रेस के लिए चिंताजनक है।

### भाजपा के 5 से 6 पार्षद कांग्रेस के 4 से 5 पार्षद और निर्दलीय 4 से 5 पार्षद

पटना में पार्षदों की बात की जाए तो भाजपा को 5 से 6 पार्षद मिल सकते हैं वह भाजपा प्रत्याशी जो चुनावी मैदान में पार्टी की तरफ से पार्षद बनने लड़ाई लड़ रहे थे उनमें से 5 से 6 भाजपा के हो सकते हैं। इसी तरह कांग्रेस 4 से 5 पार्षद अपने नगर पंचायत भेज पा रही है वहीं निर्दलीय पार्षद 5 से 4 नगर पंचायत पहुंच सकते हैं। कुल मिलाकर भाजपा कांग्रेस सहित निर्दलीय किसी भी नगर सरकार के लिए उसके पास न्यूनतम समर्थन करने वाले पार्षद मौजूद होंगे वहीं उपाध्यक्ष किसका होगा यह आगे दिलाने वाली बात होगी।

### उपाध्यक्ष पद के लिए होगी लंबी लड़ाई

उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा कांग्रेस सहित निर्दलीय सभी मैदान में नजर आयेंगे यह समझ में आने लगा है। अब कौन कौन पार्षद चुनाव जीतकर आता है किस दल से कितने और कितने निर्दलीय से जीतकर आते हैं यह भी मायने रखेगा उपाध्यक्ष पद के लिए। भाजपा से 6 नंबर वार्ड के प्रत्याशी उपाध्यक्ष बनने के लिए ही पार्षद की रेस में हैं और यदि भाजपा के निर्णायक पार्षद आते हैं जीतकर तो 6 नंबर के ही पार्षद उपाध्यक्ष होंगे वहीं यदि कांग्रेस से बात की जाए तो पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के भतीजे का नाम सबसे आगे है उपाध्यक्ष पद के लिए वैसे उनकी जीत के बाद ही उनका उपाध्यक्ष बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। निर्दलीय पार्षदों प्रत्याशियों में से भी कई ऐसे हैं जिन्हें उपाध्यक्ष पद की लालसा है और वह अपनी पार्षद पद की जीत का इंतजार कर रहे हैं और जीत दर्ज होते ही वह अपनी मंशा सामने रखने वाले हैं। वैसे भाजपा कांग्रेस से उपाध्यक्ष पद का प्रत्याशी कौन हो सकता है यह तय है लगभग

### मतदान के दूसरे दिन आराम करते दिखे प्रत्याशी

मतदान के दूसरे दिन आराम करते नजर आए सभी प्रत्याशी दो हफ्तों की दौड़ भाग के बाद प्रत्याशियों का आराम करने का दृश्य इस तरह नजर आया कि कोई प्रत्याशी नगर में दौड़ता भागता नजर नहीं आया बशर्ते समीक्षा करता वह अपने अपने घर में ही बैठा नजर आया। प्रत्याशियों की दिलों की धड़कन बढ़ी हुई है और सभी अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। प्रत्याशियों के दावों पर तब मुहर असली लगेगी जब परिणाम उनके पक्ष में आयेगा। वैसे नगरवासियों ने भी काफी गणित लगाया है और कईयों ने सोशल मीडिया पर भी अपना आंकलन पोस्ट किया है

### प्रत्याशियों में परिणाम को लेकर चिंता बनी हुई

प्रत्याशी परिणाम को लेकर जहां आश्वस्त हैं वहीं चिंतित भी हैं। प्रत्याशियों का अपना आंकलन यदि जीत का है तो वहां वह आश्वस्त हैं लेकिन दूसरे के आश्वस्त होने से वह डरे हुए हैं। सभी की धड़कने बढ़ी हैं और सभी पल पल अपने लिए कागज कलम निकालकर आंकड़ा बैठाते नजर आ रहे हैं।

### चुनाव में संबंध भी हुए खराब

चुनाव में आपसी संबंध भी खराब हुए हैं।वैसे अच्छा यह रहा कि लड़ाई झगड़ा इस चुनाव में नहीं हुआ। और इसके पीछे सबसे आ अहम भूमिका राष्ट्रीय दलों के नेताओं कार्यकर्ताओं की रही।निर्दलीय प्रत्याशियों ने माहौल को तनावपूर्ण बनाया जरूर लेकिन राष्ट्रीय दल के नेताओं ने संयम दिखाया और उन्होंने तनाव से और विवाद से दूर रहने का निर्णय लिया।

# रिटर्निंग अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों की ली बैठक

### जो दल जिस बस से जायेंगे,वो दल उसी बस से वापस आयेंगे...जिला पंचायत सीईओ



-संवाददाता-
एमसीबी,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 जिले में कराया जाना है। जिले के तीन विकासखण्ड खड़गवां में 17 फरवरी 2025, मनेंद्रगढ़ में 20 फरवरी 2025 तथा भरतपुर में 23 फरवरी 2025 को तीन चरणों में निर्वाचन सम्पन्न कराया जाना है। इसी संबंध में आज त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम शर्मा ने विकासखण्डों में नियुक्त सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को बताया कि बस में जितने दल जाएंगे वहीं दल उसी बस में बैठकर वापस आएंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव खड़गवां विकासखण्ड में होना है। उसके लिए आवश्यक 73 दलों को रवाना करने के लिए 3 बस 52 सीटर स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेंद्रगढ़ में उपलब्ध रहेगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण का निर्वाचन 20 फरवरी को मनेंद्रगढ़ विकासखण्ड का होना है। उसके 60 दलों के लिए 6 बसे इन्द्रप्रस्थ हायर सेकेण्डरी स्कूल जनकपुर में तथा 40 दलों के लिए 4 बसे कोटाडोल में उपलब्ध रहेगा। तृतीय चरण के निर्वाचन दूरस्थ क्षेत्र भरतपुर विकासखण्ड का होना है। उसके लिए मनेंद्रगढ़ से भरतपुर के लिए 50 दलों हेतु 4 बसे, खड़गवां से भरतपुर के लिए 100 दलों हेतु 8 बसें तथा केल्हारी से भरतपुर के लिए 20 दलों हेतु 1 बस उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा रिटर्निंग अधिकारी ने 10-10 अतिरिक्त रिजर्व दल को तैयार करने के निर्देश दिये हैं।
बैठक में जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, बीईओ सुरेन्द्र जायसवाल, बलविंदर सिंह, स्माइल खान, खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा, खनिज इंस्पेक्टर आदित्य मानकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील, 15 को होगी मतगणना







-संवाददाता-
बलरामपुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिले के 02 नगर पालिका परिषद् एवं 03 नगर पंचायतों में 11 फरवरी 2025 को शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हुआ। मतदान के पश्चात सभी मतदानकर्मी नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को सुरक्षित जमा किये। तत्पश्चात रिटर्निंग अधिकारियों एवं प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों की उपस्थिति में सभी नगरीय निकायों के स्ट्रांग रूम को सील किया गया। 11 फरवरी 2025 को हुए नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए मतगणना 15 फरवरी

# नगर पंचायत कुसमी में प्रत्याशी द्वारा फर्जी मतदान कराने की कोशिश

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने आवश्यक कार्यवाही करने के दिये निर्देश



-संवाददाता-
बलरामपुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
नगर पंचायंत कुसमी के रिटर्निंग अधिकारी श्री करूण डहरिया ने जानकारी दी है कि नगर पंचायत कुसमी के मतदान केंद्र क्रमांक 10 में निर्दलीय प्रत्याशी शादाब अंसारी के द्वारा वार्ड क्रमांक-10 की पंजीकृत मतदाता जुबेदा बीबी के नाम से किसी अन्य महिला को वोट डलवाने के उद्देश्य से मतदान केंद्र लेकर पहुंचा। उक्त महिला बुर्का पहनी हुई थी जैसे ही उसने मतदाता पर्ची मतदान अधिकारी को दिया मतदान अधिकारियों के साथ उपस्थित अन्य प्रत्याशियों एवं मतदान अभिकर्ताओं को संदेह हुआ। पहचान पत्र की मांग किए जाने पर शादाब अंसारी एवं उक्त महिला घबरा गए। महिला घबराकर बाहर की ओर भागी, बाहर मोटर साइकिल में एक शख्स इंतजार कर रहा था। जो महिला को बिठाकर वहां से भाग गया। उक्त घटना की शिकायत तत्काल रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम कुसमी श्री करुण डहरिया को दी गई। रिटर्निंग अधिकारी श्री करूण डहरिया मतदान केंद्र पहुंचकर घटनाक्रम के संबंध में जानकारी ली। साथ ही रिटर्निंग अधिकारी द्वारा इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेंद्र कटारा को अवगत कराया। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। लोक परिशांति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ते देख अनुविभागीय दण्डाधिकारी कुसमी द्वारा शादाब अंसारी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

### मतगणना के पूर्व मतगणना पर्यवेक्षक व सामान्य पर्यवेक्षको को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

# वोटिंग मशीन निर्धारित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के साथ सील



-संवाददाता-
सूरजपुर,12 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
11 फरवरी को नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले में नगर पालिका सूरजपुर, नगर पंचायत विश्रामपुर, जरही, भटगांव, प्रतापपुर में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। जिले में 01 नगर पालिका और 04 नगर पंचायतों समेत 05 नगरीय निकायों में कुल 31 हजार 301 मतदाताओं ने मतदान किया गया। जिसमें 15 हजार 849 पुरुष व 15 हजार 452 महिला मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 66.15 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान पश्चात सभी मतदान दल की वापसी हुए इसके साथ ही मतदान केंद्रो की सामग्री व वोटिंग मशीन को निर्धारित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के साथ सील कर दिया गया है। जिसकी गणना 15 फरवरी को निर्धारित मतदान केंद्रो में सुनिश्चित समय सारणी के अनुरूप की जाएगी। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देश के अनुपालन में सभी निर्धारित स्ट्रांग रूम परिसर में कड़ी सुरक्षा तैनात की गई है। इसके साथ ही मतगणना के पूर्व मतगणना पर्यवेक्षक व सामान्य पर्यवेक्षको को गणना हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि मतगणना दिवस पर निर्धारित समय सीमा पर सफलतापूर्वक गणना का कार्य संपन्न कराया जा सकें। 15 फरवरी के दिन नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत मतगणना निर्धारित स्थलों पर प्रातः 09:00 बजे से किया जायेगा।




### स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल

नगर पालिका सूरजपुर के लिए आईटीआई भवन पर्री सूरजपुर, नगर पंचायत विश्रामपुर के लिए शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर, नगर पंचायत जरही के लिए मैत्री भवन जरही, नगर पंचायत भटगांव के लिए शा.उच्च.माध्य.विद्यालय बालक भटगांव एवं नगर पंचायत प्रतापपुर के लिए शा.बालक उच्च.माध्य. विद्यालय प्रतापपुर को स्ट्रांग रूम स्थल व मतगणना स्थल निर्धारित किया गया है।

# जसप्रीत बुमराह के बगैर कैसी होगी टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन



## मुंबई इंडियंस और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को बड़ा झटका

### अल्लाह गजनफर दोनों टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और मुंबई इंडियंस (एमआई) को बड़ा झटका लगा है। युवा स्पिन गेंदबाज अल्लाह गजनफर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से चोटिल होने के कारण बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसकी जानकारी दी है। अब गजनफर 4 महीने तक क्रिकेट से दूर रहेंगे।



**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025।** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी वनडे मैच खेलने के बाद टीम इंडिया सीधे चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैदान में उतरेगी। इसी बीच खबर आई कि जसप्रीत बुमराह अब इस आईसीसी टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इसने बड़ा झटका दिया। अब देखना होगा कि जसप्रीत बुमराह जब चैंपियंस ट्रॉफी नहीं खेलेंगे तो फिर टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन कैसी हो सकती है। कौन से वो 11 खिलाड़ी होंगे, जो इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे।

### रोहित शर्मा और शुभमन गिल करेंगे भारत के लिए पारी का आगाज

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होगा। इस दिन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इसके अगले दिन यानी 20 फरवरी को टीम इंडिया अपने मिशन का आगाज करेगी। दुबई में भारत और बांग्लादेश के बीच टक्कर होगी। इस मैच में भारत की ओर से एक बार फिर से ओपनिंग करते हुए कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल नजर आ सकते हैं। चुंकि यशस्वी जायसवाल अब रिजर्व का हिस्सा हो गए हैं, इसलिए अब वे प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं हो सकते। इसके बाद नंबर तीन पर विराट कोहली और चार पर श्रेयस अय्यर को मौका दिया जाएगा। वैसे तो विराट कोहली का बल्ला अभी तक नहीं चला है, लेकिन वे प्लेइंग इलेवन से बाहर होंगे, ये सोचा भी नहीं जा सकता। श्रेयस अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा खेल दिखाया है, इसलिए उनकी भी जगह प्लेइंग इलेवन में तय है।

### ऋषभ पंत को बैठना पड़ सकता है बाहर, केएल राहुल को मौका संभव

केएल राहुल को ऋषभ पंत पर तरजीह दी जा रही है। यानी पहले मैच में केएल राहुल बल्लेबाजी करते हुए नजर आ सकते हैं, ऋषभ पंत को अभी अपनी बारी का इंतजार करना होगा। इसके बाद ऑलराउंडर के तौर पर हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल दिखाई दे सकते हैं। दूसरे ऑलराउंडर स्पिनर के तौर पर रवींद्र जडेजा टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। तेज गेंदबाज के तौर पर पहली च्वाइस मोहम्मद शमी और हर्षित राणा हो सकते हैं, यानी अर्शदीप सिंह को भी बाहर ही बैठना पड़ेगा। वहीं कुलदीप यादव की जगह भी करीब करीब पक्की है।

### दो पेसर और तीन स्पिनर्स के साथ मैदान में उतर सकती है टीम इंडिया

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपने स्क्वाड में तीन तेज गेंदबाज और पांच स्पिनर्स शामिल किए हैं। यानी माना जा सकता है कि टीम दो पेसर और तीन स्पिनर्स के साथ मैदान में उतरेगी, तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका हार्दिक पांड्या निभाते हुए नजर आ सकते हैं। हालांकि ये भी देखना होगा कि दुबई की पिच कैसी होती है, जहां ये मुकाबला खेला जाएगा। हालांकि जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में टीम इंडिया के लिए जीत दर्ज करना आसान भी नहीं होगा। देखना होगा कि टीम इस आईसीसी टूर्नामेंट में कैसा प्रदर्शन करती है।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवनः

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी।

# राहिल गंगजी, युवराज संधू,अर्जुन शर्मा पहले दिन बराबरी पर रहे

**कोलकाता,12 फरवरी 2025।** बेंगलुरु के राहिल गंगजी, चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज संधू और ग्रेटर नोएडा के अर्जुन शर्मा ने 2025 पीजीटीआई सीजन के सीजन-ओपनर, 1 करोड़ रुपये की पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप 2025 के पहले राउंड के बाद सात अंडर 63 का स्कोर बनाकर संयुक्त तीन-तरफ़ा बढ़त हासिल कर ली। स्थानीय पसंदीदा एसएसपी चौरसिया, करणदीप कोचर और अंकुर चड्ढा के साथ चौथे स्थान पर थे, जो लीड से एक पीछे थे। राहिल गंगजी, जिन्होंने कुछ साल पहले बेंगलुरु जाने से पहले कोलकाता में अपना ज़्यादातर गोल्फ़ खेला था, ने पुटर के साथ आग उगलते हुए पहले 10 होल में सात बर्डी जमा की। उन्होंने इस स्ट्रेच पर कुछ अच्छे चिप्स भी खेले। गंगजी, जिन्होंने पिछले साल एशियाई विकास दौरे में दो बार जीत हासिल की और पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरे स्थान पर रहे, ने अंतिम छह होल में अपने कार्ड में दो और बर्डी और बोगी जोड़े।



गंगजी ने कहा, मेरी पुटिंग शानदार थी और चिपिंग वाकई अच्छी थी। तीसरे होल पर मैंने जबरदस्त पार-सेव किया, जहां मुझे खतरा मिला। मैंने वहां 97 गज से शानदार अप और डाउन किया, जिससे मुझे दूसरे नौ होल में गति मिली, जैसा कि पीजीटीआई द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है। टोली में घरेलू परिस्थितियों में खेलना हमेशा मददगार होता है, क्योंकि मैं यहीं खेलते हुए बड़ा हुआ हूं। मैं इस कोर्स के हर कोने को जानता हूं, इसलिए जब मैं फेयरवे या ग्रीन से चूक जाता हूं, तो मैं वास्तव में परेशान नहीं होता। मैं पिछले सीजन में अपने प्रदर्शन से बेहद खुश हूं, क्योंकि मैंने अपने अधिकांश लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। मैंने एडीटी पर दो बार जीत हासिल की और एशियाई टूर पर एक पूर्ण कार्ड भी अर्जित किया। इसलिए, मैं पिछले साल से ही आत्मविश्वास के साथ खेल रहा हूँ।

2022 में टॉलीगंज में विजेता रहे युवराज संधू ने अपने 63वें राउंड के दौरान एक ईगल और सात बर्डी के साथ दो बोगी भी की। संधू ने तीन पार-5 में एक ईगल और दो बर्डी के साथ चार अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने कई मौकों पर रफ से उबरने के लिए कुछ बेहतरीन शॉट खेले। युवराज ने कहा, टॉलीगंज में वापस आना हमेशा शानदार होता है क्योंकि यहाँ खिताब जीतने और चार दिवसीय कुल का रिकॉर्ड बनाने की सुखद यादें हैं। इस जगह का मुझ पर शांत प्रभाव पड़ता है। पिछले साल एशिया में मेरा एक चुनौतीपूर्ण सीजन था, लेकिन यह मेरे लिए सीखने का एक हिस्सा था। हालांकि, मैं पीजीटीआई में दो शीर्ष-5 के साथ वर्ष का समापन करके खुश हूं, उन्होंने कहा। अर्जुन शर्मा ने 63 का शानदार स्कोर बनाया, जिसमें आठ से 15 फीट की रेंज से चार बर्डी रूपांतरण शामिल थे। पांचवें होल से अर्जुन की हिटिंग में तेजी आई और 11वें होल से उनका पुटर गर्म हो गया। गत विजेता मनु गंडास ने 69 का स्कोर बनाया और 45वें स्थान पर रहे। चिक्कारंगप्पा ने अपने 70 राउंड के दौरान छठे होल-इन-वन बनाया। वे 65वें स्थान पर रहे

# इस खिलाड़ी का फर्जीवाड़ा देख सभी रह गए हैरान

### कंकशन का बहाना कर पहुंचा दूसरे देश खेलने, अब होगी जांच



**कोलंबो,12 फरवरी 2025।** क्रिकेट के खेल में अब तक काफी कम ऐसे मामले आए हैं जिसमें किसी खिलाड़ी ने मुकाबले को अचानक से बीच में छोड़ने का फैसला लिया लेकिन उसमें से किसी को भी जांच का सामना नहीं करना पड़ा है। अब इसके बिल्कुल उलट श्रीलंकाई टीम के पूर्व कप्तान और स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी दसुन शनाका का एक ऐसा मामले सामने आया है जिसने सभी को हैरानी में डाल दिया है। दसुन ने एक ऐसा फर्जीवाड़ा किया है जिसके बाद अब उन्हें जांच का भी सामना करना पड़ेगा। दरअसल दसुन जो श्रीलंका में एक फर्स्ट क्लास मुकाबला खेल रहे थे उन्होंने कंकशन का बहाना बनाते हुए मैच को बीच में छोड़ दिया और यूएई में आईएलटी20 मुकाबला खेलने के पहुंच गए।

### एक ही दिन में खेला 2 अलग-अलग देशों में मुकाबला

दसुन शनाका 2 फरवरी को सिंहली स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से फर्स्ट क्लास मुकाबला खेलने मैदान पर उतरे थे जिसमें उन्होंने 123 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। वहीं शनाका के आउट होने के बाद उनकी टीम की पारी भी जल्दी सिमट गई। इसके बाद जब सिंहली स्पोर्ट्स क्लब फील्डिंग करने मैदान पर उतरी तो उसमें शनाका नए आए जिसमें उन्होंने कंकशन का बहाना बनाया। इसी बीच उसी दिन शनाका यूएई के लिए रवाना हो गए जहां उन्होंने आईएलटी20 में दुबई के लिए मुकाबला खेला। अब ये मामला सामने आने के बाद श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने उनके खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं तो वहीं सिंहली स्पोर्ट्स क्लब भी अपनी तरफ से इसकी जांच करेगा।

### मैं उनके अनुरोध करने पर वापस आया था

एक ही दिन में 2 अलग-अलग देशों में मुकाबला खेलने वाले दसुन शनाका ने इस मामले में अपना बयान भी दिया है, जिसमें ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार उन्होंने कहा कि मैं केवल सिंहली स्पोर्ट्स क्लब के अनुरोध पर यहां फर्स्ट क्लास मुकाबला खेलने के लिए आया था, लेकिन दूसरी टीम के साथ भी मेरी कमिटमेंट थी क्योंकि मैंने उन्हें 2 मुकाबले जिताने में अहम भूमिका अदा की थी। आईएलटी20 में शनाका दुबई कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे जिसने अपना पहला खिताब इस बार जीता है।

# सोनम,नीरज ने राइफल/पिस्टल राष्ट्रीय चयन ट्रायल में जीत हासिल की

**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025।** रेलवे शूटर सोनम उत्तम मस्कर और सेना के शूटर नीरज कुमार ने राइफल/पिस्टल राष्ट्रीय चयन ट्रायल (ग के चौथे दिन जीत हासिल की, जो वर्तमान में दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (डीकेएसएसआर) में चल रहा है। पिछले साल तीन आईएसएसएफ पदक जीतने वाली सोनम ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टी1 फाइनल में महाराष्ट्र की राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू को 253.2 अंक दिए, जो 1.3 अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहीं, भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया।

दूसरी ओर, एनआरएआई की एक विज्ञप्ति के अनुसार, नीरज कुमार ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) टी2 फाइनल में एक तरह से उलटफेर करते हुए पेरिस ओलंपिक की जोड़ी अनीश और विजयवीर सिद्धू को हराकर क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में, सोनम ने 60 शॉट के क्वालीफिकेशन राउंड में ही अच्छा प्रदर्शन किया और 633.9 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। दो ओलंपियन, एलावेनिल वालारिवन (632.6 के साथ दूसरे स्थान पर) और अयोनिका पॉल (630.4 के साथ सातवें स्थान पर) राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या (632.1 के साथ पांचवें स्थान पर) के साथ अंतिम आठ में उनके साथ शामिल हुईं। इससे सोनम पर कोई असर नहीं पड़ा, जिन्होंने निर्णायक गेम की शुरुआत लगभग 10.7 के साथ की और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अनन्या उनके दबदबे को



चुनौती देने वाली एकमात्र निशानेबाज थीं और 16 शॉट के चरण में सोनम के आगे निकलने से पहले वह सिर्फ 0.4 से पीछे थीं। महाराष्ट्र ने दो पोडियम जीते, क्योंकि एक अन्य बेहतरीन फॉर्म में चल रहे निशानेबाज आर्य राजेश बोरसे तीसरे स्थान पर रहे। इसके विपरीत, पुरुषों के आरएफपी टी2 क्वालीफिकेशन में कुछ भी गलत नहीं लगा, क्योंकि भारत के निर्विवाद नंबर एक अनीश ने 590 के शानदार स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जो लगातार दो ट्रायल जीतने की ओर अग्रसर है। महाराष्ट्र के राजवर्धन पाटिल 584 के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि विजयवीर ने 580 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।विज्ञप्ति के अनुसार, नीरज 579 के साथ चौथे स्थान पर रहे। हालांकि फाइनल में, नीरज ने जुनून की हद तक शॉट लगाए, पांच रैपिड-फायर शॉट्स की पहली तीन सीरीज में से प्रत्येक में परफेक्ट 5 शॉट लगाए। छठे में एक और परफेक्ट 5 का मतलब था कि वह फाइनल के आधे हिस्से में एक भी अंक नहीं गंवाएंगे। उन्होंने 4 के तीन स्कोर के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जिससे अनीश को झटका लगा, जो 31 में तीन पीछे रह गए। विजयवीर ने कांस्य पदक जीता। दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर ने प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन जारी रखा। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी2 स्पर्धा में क्वालीफिकेशन के पहले राउंड के बाद वह शीर्ष स्थान पर रहीं। उन्होंने पहले प्रिसिशन राउंड में 300 में से 297 अंक हासिल किए।

# ऑस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाज मैथ्यू कुहनेमन का गेंदबाजी एक्शन संदिग्ध पाया गया

**नई दिल्ली,12 फरवरी 2025।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। उनके स्पिन गेंदबाज मैथ्यू कुहनेमन का गेंदबाजी एक्शन संदिग्ध पाया गया है। श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ गॉल में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के बाद उनकी रिपोर्ट की गई थी।कुहनेमन को अब 3 सप्ताह के भीतर अनिवार्य परीक्षण से गुजरना होगा, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि उनका गेंदबाजी एक्शन वैध है या नहीं।



# सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव की रिलीज तारीख जारी

आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों का मनोरंजन करती दिखेंगी, जिनमें से एक सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव भी है। पिछले साल सितंबर में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जो दर्शकों की कसौटी पर खरा उतरा था। तभी से दर्शक फिल्म की रिलीज तारीख का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।अब मालेगांव के लड़कों की नई झलक जारी कर फिल्म के निर्माताओं और निर्देशक ने इसकी रिलीज तारीख का ऐलान भी कर दिया है।यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। प्राइम वीडियो ने अपने पोस्ट में लिखा, एक छोटे शहर से बड़े पर्दे तक, मिलिए मालेगांव के सुपरबॉयज से- एक ऐसी टीम जो सपने देखने की हिम्मत रखती है और उसे पूरा करने का साहस करती है।फिल्म से आदर्श गौरव समेत सभी कलाकारों की नई झलकियां सामने आई हैं। इसी के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म ने ऐलान किया कि फिल्म 28 फरवरी को सिनेमाघरों का रुख करेगी।रीमा कागती के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह, अनुज सिंह दुहान, साकिब अयूब, पल्लव सिंह, मंजरी सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं।सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव पिछले साल 13 सितंबर को टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाई गई थी। इसके बाद 10 अक्टूबर को बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में भी इसकी स्क्रीनिंग हुई थी।फिल्म की कहानी महाराष्ट्र के छोटे से शहर मालेगांव की पृष्ठभूमि पर तैयार की गई है।




# बॉक्स ऑफिस पर तूफान लेकर आई नागा चैतन्य की थंडेल



पुष्पा 2 द रूल के बाद इस साल जो फिल्म दुनियाभर में तूफान मचा रही है, वो नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म थंडेल है। चंदू मोंडेती के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में भी कोहराम मचा दिया है। चार दिन में कारोबार ने आसमान छू लिया है।रोमांटिक एक्शन थ्रिलर थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों ने खूब सराहा है। इसी का नतीजा है कि फिल्म दुनियाभर में अच्छा बिजनेस कर रही है। गौर फरमाने वाली बात है कि इस फिल्म के साथ बॉलीवुड की दो और फिल्में लवयापा और बैडएस रवि कुमार भी आईं। हालांकि, यह दो नई बॉलीवुड फिल्में नागा चैतन्य की फिल्म का बाल भी बांका नहीं कर पाई। भारत में 40 करोड़ रुपये के करीब कमाने वाली थंडेल दुनियाभर में 100 करोड़ के करीब पहुंचने के लिए अपने कदम आगे बढ़ा रही है। थंडेल ने चार दिन के अंदर वर्ल्डवाइड एक शानदार कलेक्शन किया है। निर्माता के मुताबिक, गीता आर्ट्स् के बैनर तले बनी फिल्म ने चार दिन में वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 73.20 करोड़ रुपये कर लिया है। इस जानकारी के साथ मेकर्स ने लिखा है कि वैलेंटाइन वीक में ब्लॉकबस्टर थंडेल ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा जारी रखा। नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म वर्ल्डवाइड के साथ-साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी खूब नोट छाप रही है। हम थंडेल की तुलना पुष्पा 2 के साथ नहीं कर सकते हैं, क्योंकि पुष्पा की सबसे ज्यादा कमाई हिंदी भाषा में हुई थी, जबकि थंडेल हिंदी भाषा में एक करोड़ कमा पाने में भी असफल साबित हुआ।रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड थंडेल की कहानी एक मछुआरे की है, जो एक ग्रुप के साथ गलती से समंदर पार कर पाकिस्तान चले जाते हैं और गिरफ्तार हो जाता हैं। पाकिस्तान के कैद में मछुआरों का वहां क्या हाल होता है, थंडेल इसी कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। नागा चैतन्य के साथ लीड रोल में साई पल्लवी हैं।

# दुलहनिया बीड़ीवाली शो में नजर आएंगी पौलमी दास

बिग बॉस ओटीटी 3' की पूर्व प्रतियोगी पौलमी दास दुलहनिया बीड़ीवाली' शो में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम चंपा है।दुलहनिया बीड़ीवाली' की कहानी निशा नामक एक नवविवाहिता की है, जो अपने पति रोहन के साथ अपने पैतृक गांव जाती है, जहां उसे चंपा (पौलमी) की किंवदंती से जुड़े एक अभिशाप का पता चलता है। गांव में रिवाज रहता है कि इस भय से बचने के लिए हर आदमी को दुल्हन की पोशाक पहननी पड़ेगी।हालांकि, रोहन ऐसा करने से इंकार कर देता है। इसके बाद कहानी में से कई रहस्य सामने आने लगते हैं, जिसे लेकर गांव में भय व्याप्त हो जाता है। निशा का अतीत उसके सामने आकर खड़ा हो जाता है। इसके बाद वह रोहन की रक्षा करने और अभिशाप को तोडने के लिए लड़ाई लड़ती है।दुलहनिया बीड़ीवाली' में ड्रामा रहस्य, परंपरा और अलौकिक तत्वों का मिश्रण है।अभिनेत्री पिछली बार एएलटीटी के शो नागवधू- एक जहरीली कहानी' में नजर आई थीं।



अभिनेत्री इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल में एक प्रतियोगी के तौर पर भाग ले चुकी हैं। साल 2016 में वह सुहानी सी एक लड़की' में भी काम कर चुकी हैं, जिसमें उनके किरदार का नाम बेबी' रहता है।अभिनेत्री को दिल ही तो है' में अनन्या पुरी' नामक किरदार के रूप में लिया गया था। साल 2020 में उन्हें कार्तिक पूर्णिमा' में पूर्णिमा' की मुख्य भूमिका में लिया गया। पौलमी पौरषपुर' और नागिन 6' टाइटल के वेब सीरीज में भी काम कर चुकी हैं।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### सुप्रीम कोर्ट ने अरुणपति त्रिपाठी को जमानत दी

#### शराब घोटाले में राहत



**रायपुर,12 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में हुए कथित शराब घोटाले के आरोपी अरुणपति त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। एससी ने शर्तों के साथ उन्हें जमानत दे दी है। ईडीकी ओर दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें ये राहत मिली है। हालांकि उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा।

### बिना सहमति पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध अपराध नहीं



**रायपुर,12 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने हाल ही में दिए गए अपने फैसले में कहा कि एक पुरुष और उसकी वयस्क पत्नी के बीच अप्राकृतिक यौन संबंध दंडनीय नहीं है। मामला एक ऐसे व्यक्ति से जुड़ा है जिसकी पत्नी अप्राकृतिक यौन संबंध के बाद अस्पताल में मर गई। भारत में वैवाहिक बलात्कार को कानूनन दंडनीय नहीं माना जाता है। उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार, अप्राकृतिक यौन संबंध भी दंड के दायरे से बाहर हैं।

### छत्तीसगढ़ में 400 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त



**कवर्धा,12 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित चिल्फी चेकपोस्ट पर आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 400 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है।

### कुलदीप जुनेजा नाराज अजीत कुकरेजा की कांग्रेस में वापसी



**रायपुर,12 फरवरी 2025(ए)।** निष्कासित कांग्रेस नेताओं की पार्टी में वापसी को लेकर अब बवाल शुरू हो चुका है। अजीत कुकरेजा का नाम भी सूची में आने के बाद रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शायराना अंदाज में पैसे लेकर कुकरेजा की पार्टी में वापसी की ओर इशारा किया है. उन्होंने कहा, पैसा खुदा तो नहीं लेकिन खुदा की कसम खुदा से कम नहीं।

### रायपुर में सेक्स रैकेट ऑपरेट करने वाले 12 एजेंट गिरफ्तार

**रायपुर,12 फरवरी 2025(ए)।** रायपुर में सेक्स रैकेट ऑपरेट करने वाले 12 एजेंट गिरफ्तार किए गए है। खुलासा कर पुलिस ने बताया, 05-06.02.2025 की दरम्यानी रात्रि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत व्ही.आई.पी. मेन रोड फ्लावर वैली अमलीडीह जाने वाले रोड में कार क्रमांक सी जी/10/एफ ए/5046 के चालक द्वारा शराब के नशे में अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये एक्टिवा वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया गया था जिससे एक्टिवा वाहन में सवार 03 व्यक्तियों को चोट आने पर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान एक व्यक्ति अरूण कुमार विश्वकर्मा की मृत्यु हो गई।



### चलती ट्रक में लगी आग, चालक-परिचालक ने गाड़ी से कूदकर बचाई जान



**पिथौरा,12 फरवरी 2025(ए)।** महासमुंद जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कसीबहरा के पास चलती ट्रक में आग लग गई. ट्रक से कूदकर चालक और परिचालक ने अपनी जान बचाई. घटना की सूचना मिलते ही टोल प्लाजा की फायर ब्रिगेड टीम आग बुझाने में लगी है।

# शिक्षा स्तर को विश्व स्तर का बनाया जाए

**रायपुर,12 फरवरी 2025 (ए)।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ और झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने सरकार से जानकारी मांगी कि किस तरह की चुनौतियाँ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में आ रही हैं और शिक्षकों के प्रशिक्षण में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

#### ग्रामीण शिक्षा की स्थिति और चुनौतियाँ

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि केंद्र सरकार समग्र शिक्षा योजना के तहत राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में वर्तमान में 2,415 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 5,39,907 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिनमें लड़कियों की संख्या 49.63त्र है। श्री अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में *डिजिटल शिक्षा के विस्तार* को लेकर भी सवाल उठाया, जिसके जवाब में सरकार ने बताया कि पीएम ई-विद्या योजना के तहत छत्तीसगढ़ में स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी प्रयोगशालाओं का विस्तार किया गया है।



### सांसद बृजमोहन अग्रवाल का बयान

लोकसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, ग्रामीण भारत में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। डिजिटल शिक्षा, शिक्षकों के प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी उतनी ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले जितनी शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए मैं केंद्र सरकार से निरंतर संवाद करता रहूंगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि डिजिटल शिक्षा और स्मार्ट क्लास जैसी पहल वास्तव में छात्रों तक पहुंचे। बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में जोर देकर कहा कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए ई लर्निंग के साथ ही शिक्षकों के कुशल प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाएगा। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाई जाए, डिजिटल शिक्षा का विस्तार हो और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने स्कूल ड्रॉपआउट दर कम करने के लिए विशेष योजनाएँ लागू करने की मांग की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार होंगे और सभी बच्चों को समान अवसर मिलेंगे।

#### निजी और सरकारी विद्यालयों की तुलना

श्री अग्रवाल ने निजी और सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए, जिसके जवाब में बताया गया कि छत्तीसगढ़ में 71.8त्र विद्यार्थी सरकारी विद्यालयों में और 28.2त्र निजी विद्यालयों में पढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री स्कूल और आदर्श विद्यालय योजना के तहत सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता को निजी विद्यालयों के समकक्ष लाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### डिजिटल शिक्षा का विस्तार

छत्तीसगढ़ में पीएम ई-विद्या कार्यक्रम के तहत 10,439 स्मार्ट क्लासरूम और 3,777 आईसीटी लैब स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, ई-कंटेंट आधारित शिक्षा, डिजिटल बोर्ड और ऑनलाइन शिक्षण सामग्री को बढ़ावा दिया जा रहा है।

#### शिक्षकों के प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे पर ध्यान

छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा, निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से जोड़ा जा रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए स्मार्ट क्लासरूम, आईसीटी लैब और शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने रायपुर और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए नवाचार और डिजिटल शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही।


### 108 एम्बुलेंस सेवा संचालक कंपनी पर आयकर विभाग की दबिश




**रायपुर,12 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में 108 एम्बुलेंस सेवा संचालित करने वाली कंपनी जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस (जेएईएस) के कार्यालय पर आयकर विभाग ने बे ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने बुधवार सुबह कंपनी के अवंती विहार स्थित ऑफिस पर छापा मारकर दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच शुरू कर दी।सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग की 8 से 10 सदस्यीय टीम ने कंपनी के कार्यालय में दाखिल होकर वित्तीय लेनदेन, कर भुगतान और अन्य दस्तावेजों की जांच शुरू की है। इसके अलावा, कंप्यूटर, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी सील कर दिया गया है।

### शुरू हुआ राजिम कुंभ कल्प

#### » इन जगहों पर नहीं मिलेगी शराब, आदेश जारी



**राजिम,12 फरवरी 2025(ए)।** राजिम कुंभ कल्प का आज 12 फरवरी से शुभारंभ हो गया है। इस पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालु, संत-महात्मा और साधु देशभर से यहां पहुंचेंगे। बता दें यह महापर्व माघ पूर्णिमा से शुरू होकर महाशिवरात्रि तक चलेगा। मेले के शांतिपूर्ण और धार्मिक माहौल को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने मेला को देखते हुये राजिम कुंभ कल्प मेला से लगे जिले और आसपास की शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

शराब दुकाने आज से 15 दिनों तक बंद रहेगी। जारी आदेश के मुताबिक, राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान मेला प्रारंभ 12.02.2025 से 26.02.2025 (महाशिवरात्रि) तक, कुल 15 दिन, मेला क्षेत्र के आसपास स्थित, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान, राजिम (बाह्य), जिला-गरियाबंद, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान, गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर तथा देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान, मगरलोड, जिला-धमतरी, कुल 06 देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें बंद रहेगी।

### सांसद के खिलाफ पीएम मोदी से करेंगे शिकायत

#### थाना प्रभारी के परिजनों में भारी आक्रोश



**भानुप्रतापपुर,12 फरवरी 2025 (ए)।** कांकेर के भाजपा सांसद भोजराज नाग का इंस्पेक्टर से दुर्व्यवहार का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर सयुंक्त पुलिस कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष उज्जवल दीवान के नेतृत्व में पुलिस परिवार के सदस्य भानुप्रतापपुर थाना पहुंचे और सांसद भोजराज नाग के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज करने का आवेदन दिया। इस घटना पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष उज्जवल दीवान ने कहा है कि सांसद नाग थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख से अभद्र व्यवहार को लेकर माफी मांगे. इस मामले की शिकायत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से भी करेंगे।

### पाताल में क्यों न छुप जाए डकैत,ढूंढ निकालेंगे: विजय शर्मा





**रायपुर,12 फरवरी 2025 (ए)।** राजधानी के अनुपम नगर इलाके में दिनदहाड़े हुई 60 लाख रुपए की डकैती ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी है। मंगलवार को चार शातिर डकैतों ने वेलू परिवार के घर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है, और डकैतों की तलाश तेज कर दी गई है। डकैती की वारदात को लेकर छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा की डकैतों को पाताल से भी ढूंढकर पकड़ेंगे। आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए। खम्हारडीह थाना क्षेत्र में हुई इस डकैती के बाद पुलिस प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें डकैतों की तलाश में जुट गई हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। शहर के मुख्य प्रवेश और निकास मार्गों पर नाकेबंदी कर दी गई है।

### पूजा पंडाल गिरने से 4 लोग घायल,दो की हालत नाजुक



**दुर्ग,12 फरवरी 2025(ए)।** भिलाई के सेक्टर 5 स्थित गणेश मंदिर के सामने पूजा के लिए लगाया गया पंडाल अचानक भरभराकर गिर गया। इससे रास्ते से गुजर रही महिला और बुजुर्ग सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक सेक्टर 5 में श्री सिद्धि विनायक मंदिर है। उस मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ किया गया है।

### पकड़े गए बांग्लादेशियों से पूछताछ में हुए कई खुलासे



#### प्रदेश में कुछ और साथियों के छिपे होने की मिली जानकारी

**रायपुर,12 फरवरी 2025(ए)।** पिछले दिनों छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद आईबी की ऑपरेशन विंग के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। तीनों बांग्लादेशी सगे भाई हैं।इस मामले में यह जानकारी सामने आयी है कि आईबी हैड क्वार्टर से आई 2 सदस्यीय टीम ने तीनों भाइयों से पूछताछ की है। इस दौरान इन्होने कई राज उगले हैं। इन्होंरर बताया कि उनका इराक जाकर वही रुकने का प्लान था। इस दौरान यह भी इनपुट मिले हैं कि प्रदेश में इनके कई और साथी भी रह रहे हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

#### फर्जी दस्तावेज बनाने वाले की हो रही है तलाश

पुलिस इनके बीच की कड़ी के उस कबाड़ी की तलाश में जुटी है, जिसने इनके लिए फर्जी दस्तावेज बनाने में मदद की थी। ये सभी फर्जी दस्तावेज के सहारे मिश्रा बाड़ा, टिकरापारा में रह रहे थे। इस मामले में टिकरापारा थाना में स्नढ्ढक्रदर्ज है। ये सभी 3 दिन की पुलिस रिमांड पर हैं।

### 108 एम्बुलेंस का चालक नौकरी से बर्खास्त

**कोरबा,12 फरवरी 2025(ए)।** 108 एम्बुलेंस के जिला प्रबंधक (मैनेजर) को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है. 108 एम्बुलेंस के ड्राइवर और उसकी महिला साथी ने मिलकर जिला प्रबंधक प्रिंस पांडे का पहले अपहरण किया. दोनों ने मिलकर प्रिंस के साथ मारपीट की और उसे एक घर में बंद कर दिया। मामले में कंपनी ने आरोपी ड्राइवर को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। जानकारी के मुताबिक, जय अंबे इमरजेंसी सर्विस रायपुर में कार्यरत प्रिंस पांडे कोरबा में 108 सेवा का जिला प्रबंधक है। कुछ समय पहले प्रिंस ने 108 एम्बुलेंस के ड्राइवर मोतीलाल यादव को निलंबित कर दिया था। बताया जाता है कि मोतीलाल आदतन शराबी है। निलंबन की कार्रवाई से नाराज मोतीलाल ने महिला साथी किरण चौहान के साथ मिलकर पहले प्रिंस पांडे का अपहरण किया। पीड़ित युवक को मेडिकल कॉलेज परिसर ले जाकर उसके साथ मारपीट की। जब पिटाई से प्रिंस बेहोश हो गया तो आरोपियों ने दादर के पास एक घर में उसे बंद कर दिया. प्रिंस ने होश आने के बाद अपने दोस्त और कोरबा पुलिस को घटना की जानकारी दी।





### रिकॉर्डर्स एंड मेडिकेयर कंपनी के तीन बोर्ड मेंबर की जमानत याचिका खारिज

**रायपुर,12 फरवरी 2025(ए)।** सीजीएमएससी के मेडिकल घोटाला मामले में मोक्षित कॉर्पोरेशन के सीबी को भ्रष्टाचार निवारण स्पेशल कोर्ट ने 24 फरवरी तक जेल भेज दिया है। इसके बाद मामले में आरोपी नंबर 4- रिकार्डर्स एंड मेडिकेयर सिस्टम, पंचकूला के तीन सदस्य राजेश गुप्ता, अभिषेक कौशल और नीरज गुप्ता ने अग्रिम जमानत का आवेदन पेश किया था। मामले की सुनवाई बुधवार को हुई जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। घोटाला मामले में कंपनी की पैरवी अधिवक्ता किशोर भादुड़ी कर रहे हैं।

एसीबी-ईओडब्ल्यू की एफ आईआर में सीजीएमएससी और डीएचएस के अधिकारियों, मोक्षित कॉर्पोरेशन दुर्ग, छ्रुक्क कॉर्पोरेशन दुर्ग, रिकॉर्डर्स एंड मेडिकेयर सिस्टम एचएसआईआईडीसी पंचकूला, हरियाणा के साथ श्री शारदा इंडस्ट्रीज, रायपुर एवं अन्य को आरोपी बनाया गया है। इस मेडिकल महाघोटाले में इन पांच संस्था की संलिप्तता पाई गई है और इनके खिलाफ तेजी से जांच चल रही है।

स्नढ्ढक्र और मौजूदा दस्तावेजों के अनुसार रिकॉर्डर्स एंड मेडिकेयर सिस्टम कंपनी, विभाग के टेंडर में हिस्सा ले चुकी है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग को कुछ उपकरणों की सप्लाई इस कंपनी ने की है।



### युवक ने सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या की

**रायपुर,12 फरवरी 2025(ए)।** रायपुर के बेबीलॉन टावर की 7वीं मंजिल से एक युवक ने कूदकर खुदकुशी कर ली है। बताया जा रहा है कि, युवक ने ऊपर के गलियारे से छलांग लगाई है, लेकिन उसके शरीर से खून नहीं निकला है। आत्महत्या की वजह साफ नहीं है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)